# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 281 ■ अम्बिकापुर, मंगलवार 05 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# पुलिस हमारी बाप है, गुण्डागर्दी नहीं करेंगे

## पार्षद के घर में तोड़फोड़, मारपीट करने वाले 3 बदमाशों का पुलिस निकाली जुलूस

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** शहर के चांदनी चौक में रविवार की रात पार्षद सतीश बारी के घर में दो दर्जन से अधिक चेहरे पर नकाब डाले युवकों ने हथियार, लाठी-डंडे से हमला कर दिया। आरोपियों ने पार्षद के घर के दरवाजे और खिड़कियों को तोड़ दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना के सामने आने के बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित अन्य कोतवाली थाना पहुंचे और लचर कानून व्यवस्था को सवालों के घेरे में लिया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके इनका जुलूस निकाला। रास्ते भर ये अपराधी गुण्डागर्दी नहीं करेंगे, पुलिस हमारी बाप है का जाप करते नजर आए। अपराधियों का मनोबल तोड़ने पुलिस ने ऐसा कदम उठाया, जिसकी सराहना की जा रही है। पुलिस ने इनके विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा, दरवाजे का टूटा पल्ला, खिड़की का टूटा कांच बरामद किया है। फरार अन्य आरोपियों के तलाश में पुलिस लगी है।



शहर के चांदनी चौक निवासी युवा कांग्रेस नेता व पार्षद सतीश कुमार बारी 32 वर्ष ने 03 नवम्बर को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि देर शाम मायापुर निवासी गणेश उर्फ गोलू स्विफ्ट डिजायर कार से आया और शराब पीने के लिए जबरन पैसे की मांग करने लगा। पैसा देने से मना करने पर गणेश उर्फ़ गोलू गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की, मारपीट करने लगा। झगड़ा, विवाद को देखकर मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे और गणेश उर्फ गोलू को किनारे कर दिए। इस घटना के बाद जब वह मामले की रिपोर्ट करने थाना आया था, उसी दौरान पार्षद सतीश बारी को बहन फोन करके बताई कि गणेश कई लड़कों के साथ घर के पास आया है, वे लोग लाठी, डण्डा पकड़े हैं। इनके द्वारा घर को आग लगा देने की बात कहकर गाली-गलौज किया जा रहा है और खिड़की, दरवाजा को ईंट, डण्डा से मारकर तोड़फोड़ कर रहे हैं। जब वह घर आया तो उसके घर के दरवाजा का एक पल्ला क्षतिग्रस्त हो गया था, खिड़की के पल्ला का कांच टूटा था। घर का सामान अस्त-व्यस्त था। गणेश उर्फ गोलू के भाई ने पार्षद को फोन पर जान से मारने का धमकी भी दी थी, जिस पर धारा 191(2), 191(3), 191(1), 296, 351(3), 115(2), 324 (2) बीएनएस का अपराध पुलिस ने पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने अग्रिम जांच दौरान घटनास्थल का निरीक्षण करके पार्षद सतीश बारी के द्वारा आरोपियों के द्वारा घटना के बाद फेंके गए डण्डा को जप्त किया। वहीं खिड़की का कांच, एवं दरवाजे के टूटे पल्ला को भी जप्त किया है।

### *अपराधियों का खौफ खत्म हो रहा*

घटना को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने शहर की कानून व्यवस्था को सवालों के घेरे में लिया और कहा है कि अपराधियों का खौफ खत्म होता जा रहा है। पुलिस प्रशासन की विफलता के कारण अपराध बढ़ रहे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित स्थानीय लोगों ने आए दिन बेखौफ हो रही अपराधों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

### इन आरोपियों को पुलिस की गिरफ्तार

घटनास्थल के सीसीटीव्ही का फुटेज अवलोकन पर पुलिस ने तीन आरोपियों को पहचाना और गणेश कोरवा उर्फ गोलु पिता अनिल कोरवा 26 वर्ष निवासी मायापुर, रितेश पाण्डेय पिता मिथलेश पाण्डेय 28 वर्ष निवासी मायापुर शास्त्री ऑटोमोबाइल के पास व प्रभु साहु पिता विजय साहु 26 वर्ष निवासी विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के पास अंबिकापुर को हिरासत में लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों के तलाश में पुलिस लगी है। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक वंश नारायण शर्मा, सहायक उप निरीक्षक देवनारायण यादव, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, छत्रपाल सिंह व अमित सिंह, आरक्षक चंचलेश सोनवानी सहित थाना कोतवाली के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# कोतवाली बलरामपुर में खुदकुशी किए युवक की पत्नी का शव झारखंड में मिला

## गुमशुदा महिला के शव की भाई ने की शिनाख्त, हत्या का जताया संदेह

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिला मुख्यालय के कोतवाली थाने में बीते 24 अक्टूबर को गुरुचरण मंडल के द्वारा फांसी लगाकर किए गए खुदकुशी करने के मामले में मचे बवाल के बाद उसकी गायब पत्नी रीना गिरी का शव झारखंड के गढ़वा में कोयल नदी के किनारे मिला है। शव की शिनाख्त मृतिका के भाई बदला गिरी ने की है। विदित हो कि गुरुचरण मंडल की पत्नी रीना गिरी 29 सितम्बर से लापता थी। गुमशुदगी की रिपोर्ट गुरुचरण मंडल ने बलरामपुर थाने में दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस अग्रिम जांच कर रही थी। वहीं रीना के भाई ने आईजी सरगुजा से बहन को ससुराल में प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पुलिस गायब युवती के पति सहित अन्य से पूछताछ कर रही थी, इसी बीच उसका पति गुरुचरण मंडल बीते 24 अक्टूबर को बलरामपुर कोतवाली थाना में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया था, जिसे लेकर आक्रोशित लोगों ने थाना व वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए काफी हंगामा मचाया था। इस दौरान पुलिस को भी पत्थरबशासकीय स्कूल के पास लावारिस हाल में मिला मोर्टार बम ।जी सहित अन्य प्रकार से किए गए हमले का सामना करना पड़ा था। मामले में पुलिस ने अपराध भी दर्ज किया है। पुलिस को जांच के दौरान सीमावर्ती राज्य झारखंड के गढ़वा में कोयल नदी के किनारे 30 सितंबर को अज्ञात युवती की लाश मिलने की जानकारी मिली। पुलिस ने रीना गिरी के भाई को इसकी जानकारी दी थी, जिस पर उसने शव की पहचान अपनी बहन रीना मंडल के रूप में की है। क्योंकि शव झारखंड के गढ़वा में मिला है, ऐसे में वहां की स्वजनों का कथन लेकर पुलिस अग्रिम जांच कार्रवाई करेगी। वहीं स्वजनों ने मृतिका रीना की हत्या करने का संदेह व्यक्त किया है।



गुमशुदा ईश्तहार

## बड़े हनुमान मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा प्रारंभ

**अंबिकापुर।** सर्वजन हिताय ,सर्वजन सुखाय को चरितार्थ करते हुए कार्तिक माह के पावन पर्व पर सर्वजन कल्यार्थ गौ कल्यानार्थ नशा मास मुक्ति हेतु नव दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसके श्रवण मात्र से भक्तों के भाग्य जागृत होते आए हैं साथ ही जीवन मैं आए भटकाव, तनाव से भी मुक्ति प्राप्त होती है। उक्त कार्यक्रम 3 नवंबर रविवार से 11 नवंबर सोमवार तक मनेद्रगढ़ जिले के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर विजय हनुमान टेकरी मैं नगरवासियों के सहयोग से कथा सत्संग का आयोजन कलयुग के महाराज सबके स्वामी महाराज जगन्नाथ पुरी, उड़ीसा भारत से पधारे राष्टीय संत श्रद्धेय आचार्य आदिनारायण जी महाराज के मुखारविंद से की जा रही है। उक्त भागवत का रसपान करने के लिए मंदिर के महंत रामेश्वर दास जी ने सभी भक्त प्रेमियों से अपील करते हुए कहा है।

# कूटरचित दस्तावेज व फर्जी विक्रेता को रजिस्ट्रार कार्यालय में खड़ा करके संयुक्त खाते की बेच दी जमीन

## पुलिस ने आरोपी भाई और विक्रेता महिला को गिरफ्तार करके जेल भेजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** कूटरचित दस्तावेज एवं फर्जी विक्रेता के जरिए बहन के खाते की भूमि को विक्रय करने के मामले में लखनपुर पुलिस ने आरोपी भाई सहित फर्जी विक्रेता को गिरफ्तार किया है। फर्जी विक्रेता महिला से पूर्व परिचित बताया जा रहा है।



जानकारी के मुताबिक लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगी की प्रेमा बाई पति जय सिंह 47 वर्ष ने बीते 04 अगस्त 24 को थाना लखनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके माता-पिता की मृत्यु के बाद पिता के नाम की भूमि का भाई छतर राम एवं उसके नाम पर सम्मिलित रूप से नामंतरण हुआ था। भाई छतर राम द्वारा धोखाधड़ी करने के आशय से एक अन्य रिश्ते की हमनाम दीदी प्रेमा बाई को अपनी बहन के रूप में रजिस्ट्रार ऑफिस में खड़ा करके संयुक्त भूमि को 05/04/23 को अन्य क्रेता के नाम फर्जी रजिस्ट्री करा दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर वह थाना आकर लिखित शिकायत की थी, जिस पर थाना लखनपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 201, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस टीम ने जांच के दौरान थाना क्षेत्र के आरोपियों छतर राम पिता स्व. मण्डल राम 52 वर्ष निवासी जजगी व प्रेमा बाई पति आनंद राम 50 वर्ष निवासी बंधा को घेराबंदी करके पकड़ा। आरोपी छतर राम ने पूछताछ में बताया कि वह कई लोगों से उधार लिया था और उधार का पैसा पटा नही पा रहा था। वह अपनी बहन प्रेमा बाई को संयुक्त जमीन को बेचने कहा लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं हुई। इसी बीच वह अपने रिश्ते की दीदी जिसका नाम प्रेमा बाई था, उसे रजिस्ट्रार ऑफिस में अपनी बहन की जगह खड़ा करने के लिए राजी कर लिया और उक्त कार्य के लिए 5 हजार रुपये नगद देने कहा था। इसके बाद वह हमनाम महिला को अपने बहन की जगह रजिस्ट्रार ऑफिस में खड़ा करके कूटरचित दस्तावेज के जरिए संयुक्त खाते की 22 डिसमिल के तीन प्लाट को अन्य क्रेता को 60 हजार रुपये मे बिक्री की दिया था। इसके बाद आरोपी छतर राम ने महिला, फर्जी विक्रेता प्रेमा बाई को 5 हजार रुपये दे दिया, जिसे वह खर्च कर दी। शेष रकम 55 हजार रुपये छतर राम ने खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश खुटिया, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, महिला आरक्षक निर्मला एक्का, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, उमाशंकर साहू शामिल रहे।

# एनजीओ में समन्वयक, सुपरवाईजर व वालिंटियर की नौकरी के नाम पर 1.77 लाख की ठगी

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** एनजीओ में नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से एक लाख 77 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है, रिपोर्ट पर सरगुजा जिला के लुण्ड्रा थाना पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।




जानकारी के मुताबिक खुड़िया रानी ग्रामीण विकास परिसर ईकाई फरसाबहार नामक एनजीओ में नौकरी लगाने का झांसा देकर एक लाख 77 हजार रुपये की ठगी करने की शिकायत लुण्ड्रा निवासी मंजू पैकरा ने थाने में की थी। युवती ने पुलिस को बताया था कि जशपुर जिला के फरसाबहार निवासी राजकुमार कन्दरा पिता बुधनाथ कन्दरा से जुलाई 2023 में उसका संपर्क हुआ था। उसने खुड़िया रानी ग्रामीण विकास परिसर नाम से एनजीओ चलाने व पत्रकारिता करने की जानकारी देते हुए उसे विश्वास में लिया और फरसाबहार ले जाकर अपना कार्यालय भी दिखाया था। इसके बाद संस्था में नियुक्ति करने की जानकारी देते हुए उसे सुपरवाइजर के पद पर नौकरी देने और इसके एवज में 08 से 15 हजार रुपये मासिक मानदेय देने कहा। ठग ने इसके लिए उसे वापसी योग्य अग्रिम राशि 10 हजार रुपये जमा करने के लिए कहा। इसके बाद वह एनजीओ के कर्ताधर्ता राजकुमार के फोन पे नंबर पर अपनी बहन अन्जु पैंकरा के फोन पे से 10 हजार रुपये भेज दिया। बाद में उक्त युवक उसकी पढ़ाई-लिखाई का हवाला देते हुए कहा कि उसे संस्था में समन्वयक के पद पर नियुक्ति मिल सकती है, लेकिन इसके लिए तुम्हे 50 हजार रुपये अग्रिम राशि जमा करना होगा, जो बाद में वापस मिल जाएगा। इसके एवज में 25 से 75 हजार रुपये मासिक मानदेय देने कहा गया था। प्रलोभन में आकर वह फोन पे नंबर से दो-दो हजार रुपये 25 बार में अपनी बहन अन्जु पैंकरा के फोन पे नंबर पर अगस्त 2023 में डाल दी। इसके बाद वह एक नियुक्ति आदेश 08.09.2023 को दिया। इसके बाद एनजीओ संचालक ने कहा कि उसे अपने नीचे सुपरवाइजर नियुक्त करना होगा, जिनसे पहले 10 हजार रुपये अग्रिम लेना पड़ेगा, जो बाद में वापस हो जाएगा और उन्हें 08 से 15 हजार रुपये मासिक मानदेय प्राप्त होगा। इसके बाद वह सरोज टोप्पो पिता सूरज कुमार टोप्पो, चन्द्रदेव सिंह मरावी पिता गेंदा राम मरावी, शशि सिंह पिता आदित्य सिंह, अजब सिंह पिता धनेश्वर सिंह, अगर साय पिता धनुराम एवं सुनेश्वर पिता बृजमोहन का संपर्क राजकुमार कन्दरा से कराई, प्रलोभित होकर वे भी राजकुमार कन्दरा के फोन पे नंबर पर 10-10 हजार रुपये डाल दिए। इन्हें भी संस्था का फर्जी नियुक्ति आदेश मिल गया। इसके बाद इन्हें अपने नीचे वालेंटियर नियुक्त करने और उनसे 3-3 हजार रुपये अग्रिम राशि जमा कराने कहा गया। इन्होंने कई लोगों को वालेंटियर बनाकर 3-3 हजार रुपये राजकुमार के फोन पे नंबर पर डाल दिया। दो-तीन महीना बीतने के बाद जब मानदेय नहीं मिलने पर वे एनजीओ संचालक से संपर्क किए, तो वह मानदेय देने में टाल-मटोल करने लगा। शंका होने पर जब वे उपरोक्त संस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त किए तो पता चला कि संस्था एवं दिया गया नियुक्ति आदेश फर्जी है। इनके द्वारा रुपये वापस करने की मांग की गई, तो वह रकम वापस करने से इन्कार कर दिया। हताश होकर वे पुलिस थाना पहुंचकर फर्जी नियुक्ति कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इन्होंने बताया कि राजकुमार के द्वारा रुपये वापस मांगने पर बताया गया कि जिस खाते में उन्होंने पैसा भेजा है, वो उसके साला धर्मेन्द्र का है। वहीं धर्मेन्द्र से जब ग्रामीण मिले तो उसने खाता जीजा के होने की जानकारी दी। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# शंकरघाट में 50 हजार छठ व्रतियों के लिए अर्घ्य देने भव्य तैयारी

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** महामाया छठ पूजा समिति के द्वारा शंकरघाट में 50 हजार व्रतियों के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समिति के प्रमुख विजय सोनी ने बताया कि विगत 26 वर्षों से महामाया छठ सेवा समिति के द्वारा शंकरघाट में छठ व्रतियों के कठिन साधना के लिए तैयारियां की जाती हैं। इस बार 50 हजार व्रतियों के लिए पंडाल के साथ ही बैठक व्यवस्था और ठंड के मौसम को देखते हुए अलावा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए दूध भी समिति की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने वालेंटियर इस बात का ध्यान रख रहे हैं कि कोई भी घाट में विसर्जन की सामग्री न फेंके। विजय सोनी ने बताया कि छठ व्रतियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसे देखते हुए एक माह से छठ घाट की सफाई के साथ ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। छठ व्रती पंजीयन कराने के बाद अपना स्थान सुरक्षित कर रहे हैं। घाट में अर्घ्य देने के लिए आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। इस मौके पर छठ घाट की व्यवस्था सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने पहुंचे भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि सरगुजांचल में सूर्य उपासना का कठिन महापर्व माताओं के साथ ही पूरा परिवार भक्तिभाव और पूरी पवित्रता के साथ मनाते आ रहा है। इस मौके पर भक्त साक्षात सूर्य को अर्घ्य देते हैं। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर के शंकरघाट को काशी के समतुल्य माना जाता है। यहां जीवंत नदी शहर के बीच से गुजरी है, जिससे यह स्थल काफी मनोरम और किसी तीर्थस्थल से कम नहीं है। उन्होंने कहा हम सभी छठ व्रतियों का सम्मान करके अपनी पूजा करते हैं। व्रतियों को हरसंभव सहूलियत मिले, यह प्रयास रहता है। इस दौरान छठ घाट की स्वच्छता सहित अन्य कार्यों में लगे लोगों के साथ महामाया छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों ने भोजन भी किया। इस दौरान त्रिलोक कपूर कुशवाहा, परमानन्द तिवारी, डीके सोनी, गोल्डी बिहाड़े, दीपक सिन्हा, संजीव मंदिलवार, प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी सहित अन्य की उपस्थिति रही।



# तीन सड़क हादसे में गई चार लोगों की जान

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भिट्ठीकला का रविशंकर पिता सहदेव 25 वर्ष, तीन नवम्बर की रात को मोटरसाइकिल से करमा देखने के लिए अकेले गुमगरा जाने के लिए निकला था। इसी दौरान मेंड्राकला में मुख्य मार्ग में कार क्रमांक सीजी 22 एक्स 4607 का चालक टक्कर मार दिया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डॉयल 112 की टीम पहुंची और घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में रायगढ़ जिला के कापू थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरपोड़ी निवासी दो लोगों की मौत हो गई। मृतक गोपाल चक्रधारी पिता स्व. सुरेशचन्द्र चक्रधारी 21 वर्ष अपने दोस्त अन्थ्रेश के साथ मोटरसाइकिल में घूमने के लिए 3 नवम्बर को मैनपाट आया था। दूसरे बाइक में उसके अन्य साथी आए थे। दोपहर लगभग एक-डेढ़ बजे के बीच रोपाखार रोड में अनियंत्रित मोटरसाइकिल सड़क के किनारे स्थित यूकेलिप्टस पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में घायलों को दूसरे बाइक में सवार विनीत और आकाश मिंज अस्पताल पहुंचाए, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने अन्थ्रेश को मृत घोषित कर दिया। गोपाल की मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के मौसेरे भाई आकाश ने बड़े भाई रविशंकर को दी थी। स्वजन पहुंचे तो गोपाल के मौत होने की जानकारी मिली। एक अन्य घटना में सूरजपुर जिला के रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम टमकी निवासी जिलोसन चेरवा पिता दशरथ चेरवा 22 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक 2 नवम्बर की रात को लगभग 11 बजे बाइक से ग्राम पकनी गया था। गांव के ही चैक में अनियंत्रित होकर गिर गया। भैयाथान और सूरजपुर अस्पताल से रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर स्वजन पहुंचे, यहां देर रात 9 बजे उसकी मौत हो गई। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है।

## महिला बाल विकास मंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा राज्योत्सव कार्यक्रम



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 05 नवम्बर दोपहर 01 बजे से महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।


कार्यक्रम में विशिष्ट आतिथ्य के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राधा देवी सिंहदेव, जनपद अध्यक्ष बलरामपुर श्री विनय पैकरा तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर की अध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमनी मिंज शामिल होंगे।

# अधिकारियों की उदासीनता से नौनिहालों के भविष्य से मजाक

## शासन के दावे केवल कागजों में ही पूर्ण रूप से हो रहे सफल



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** अधिकारियों की उदासीनता की वजह से नौनिहाल बच्चों को क्लास रुम के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपना भविष्य गढ़ने विवश होना पड़ रहा है। शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने शासन स्तर पर भले ही लाख प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन धरातल पर वास्तविकता कुछ और ही बयां कर रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग न किए जाने की वजह से ही ऐसी स्थिति देखने व सुनने को मिल रही हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत वर्षों पुरानी ग्लोब स्कूल प्रांगण में स्थित शासकीय प्राथमिक बालक पाठशाला भवन की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। यहां पर यूं तो कहने को तीन कमरे हैं लेकिन प्रधान पाठक को छोड़ दें तो महज दो कमरे में हो कक्षा पहली से पांचवीं तक के नौनिहाल बच्चों को बैठकर अपना भविष्य गढ़ने विवश होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यहां पर बच्चों की दर्ज संख्या तो 62 है लेकिन



अतिरिक्त कमरे के अभाव में पहली से तीसरी तक की कक्षाएं एक कमरे में और चौथी व पांचवीं कक्षा का संचालन एक कमरे में करके शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। यहां वर्षों पुरानी भवन होने की वजह से कक्षाओं के अधिकांश एडवेस्टर सीट क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और बारिश के दिनों में बच्चों को पानी में बैठकर पढ़ाई करने मजबूर होना पड़ जाता है। कमरों के खिड़की व दरवाजे भी काफी पुराने होने की वजह से कमजोर हो चुके हैं। बावजूद इसके कुंभकर्णीय नींद सो विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त विद्यालय का मरम्मत कार्य तक नहीं कराया जा सका है। बताया जा रहा है कि विद्यालय भवन की जर्जरता की वजह से हमेशा किसी अनहोनी का खतरा बना रहता है। यहां पर बच्चों के रसोई व शौचालय की स्थिति भी काफी दयनीय हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन द्वारा स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार हेतु प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन मैदानी स्तर पर वास्तविकता कुछ और ही दिखाई पड़ती है। कमरे के अभाव में एक साथ कई क्लास का संचालन होने से यहां की पढ़ाई की गुणवत्ता को आसानी से समझा जा सकता है। यहां पर ऐसा प्रतीत होता है कि विभागीय अधिकारी मानो कोरमपूर्ति करके अपने जिम्मेदारी से इतिश्री कर ले रहे हैं।

### सिस्टम पर उठ रहे सवाल

लोगों का कहना है कि यहां पर यूं तो 62 बच्चों पर प्रधान पाठक समेत तीन शिक्षकों की पदस्थापना की गई है लेकिन कुछ ऐसे भी विद्यालय हैं जहां मात्र 7 बच्चों पर 2 शिक्षक की पदस्थापना की गई है। अब इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि जिले में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर कितना बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में जिले की शिक्षा व्यवस्था के सिस्टम पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं। कुछ पाठशाला में तो इस सत्र में कक्षा पहली में एक भी बच्चों की दर्ज संख्या तक नहीं है, अब उक्त पाठशाला में नए सत्र में कक्षा दूसरी में कितने बच्चे होंगे यह भी एक बड़ा सवाल है।

# कोयलांचल में आज से शुरू होगी सूर्यषष्ठी छठ महापर्व



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** दीपावली पर्व के छठवें दिन से शुरु होने वाला सूर्य उपासना का पर्व छठ पूजा की तैयारी क्षेत्र के नदी व तालाबों के घाट में नजर आने लगी है। सूर्यषष्ठी छठ पूजा महापर्व का आगाज आज 5 नवंबर से हो जाएगा। इसके लिए जगह जगह व्यापक तैयारियां की गई हैं।

गौरतलब है कि कोयलांचल समेत आसपास इलाके में सूर्यषष्ठी महापर्व को काफी हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा को लेकर गायत्री मंदिर प्रांगण समेत बिश्रामपुर-रामनगर मुख्य मार्ग पर स्थित पासंग नाला, गोरखनाथपुर के रेण नदी, कुमदा तुर्रानाला, हर्राटिकरा घुनघुट्टा नदी, तेलईकछार केनापारा के नाला, क्वारी, सिलफिली-महेशपुर के मध्य स्थित पासंग नाला पर छठ पूजा महापर्व मनाया जाता है। सभी छठ पर व्यापक रूप तैयारियां करके साफ सफाई व रंग रोगन के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करा दी गई है। सूर्यषष्ठी महापर्व को लेकर बाजार भी सजधज कर तैयार हो गई है और श्रद्धालुओं द्वारा छठ पूजा की सामग्रियों की खरीदी कार्य शुरू कर दी गई है। इस वर्ष चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व में 5 नवंबर को कदुभात, 6 नवंबर को खरना, 7 नवंबर को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य 8 नवंबर को उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

छठ पूजा की तैयारी में जुटे उत्तर भारती समाज के साथ अब स्थानीय लोग भी सूर्य उपासना के इस बड़े पर्व को बढ़चढकर मनाने लगे हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष बारिश में क्षतिग्रस्त पासंग नाला के छठ घाट के एनीकेट का मरम्मत कार्य नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है, जिससे यहां पर छठव्रती को किसी तरह की कोई असुविधा का सामना न करना पड़ सके।

## 10 वीं बटालियन के नवपदस्थ सेनानी प्रशांत कतलम ने संभाला पदभार


**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** 10 वीं वाहिनी कनकपुर सिलफिली के नवपदस्थ सेनानी सीपीएस प्रशांत कतलम ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। बटालियन के सेनानी सुजीत कुमार को राज्य सरकार द्वारा पुलिस मुख्यालय बुला लिया गया है। उनकी जगह 8 वीं बटालियन राजनांदगांव के उप सेनानी प्रशांत कतलम को 10 वीं बटालियन कनकपुर सिलफिली का सेनानी नियुक्त किया गया था। सेनानी सुजीत कुमार 11 जुलाई 2022 को 10 वीं बटालियन में सेनानी का पदभार ग्रहण किए थे। 4 अक्टूबर सोमवार को नवपदस्थ सेनानी सीपीएस प्रशांत कतलम ने 10 वीं बटालियन के सेनानी पद पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। सेनानी सीपीएस प्रशांत कतलम इसके पूर्व दुर्ग ग्रामीण, बलरामपुर, बिलासपुर, गरियाबंद, राजनांदगांव व अन्य जिलों में पदस्थ रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



# प्रेमविवाह से नाराज भाई ने चचेरी बहन के पति की चाकू गोदकर कर दी हत्या

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के तिल्दा क्षेत्र में एक युवक को अपनी चचेरी बहन के प्रेम विवाह करना इतना नागवांर गुजरा कि उसने गुस्से में आकर अपनी बहन के पति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गत एक नवंबर दिवाली के दिन तिल्दा के रहने वाले ओमप्रकाश रात्रे उर्फ गोला पिता जतिराम रात्रे की नेवरा के खमार कुंआ नाला के पास लाश मिली थी। मृतक ओमप्रकाश के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले थे। जिसकी सूचना पर तिल्दा नेवरा पुलिस ने धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर जांच शुरू की थी। इधर शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या किये जाने की बात सामने आई जिसपर पुलिस ने मामले की जांच में तेजी दिखाते हुए मुखबीर से मिले सूचना के




आधार पर एक संदेही युवक हेम कुमार को गिरफ्तार किया तथा पुछताछ की। पहले तो युवक मामले की जानकारी नही होने की बात करता रहा किंतु जब पुलिस ने सख्ती से पुछताछ की तो युवक ने ओमप्रकाश की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी हेम कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ओमप्रकाश ने लगभग एक माह पहले उसके बड़े पिता की लड़की के साथ प्रेम विवाह किया था जिसे लेकर वह बहुत नाराज था तथा रंजिश पाले हुआ था। और मौका मिलने पर एक नवंबर की रात उसने ओमप्रकाश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपी के कबुलनामे में बाद पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करते हुए उसके खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस तथा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## सिख समाज ने गुरु नानक के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कुसमुंडा गुरुद्वारे में पंजाबी सिख समाज ने गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज प्रभात फेरी निकाली। सुबह 4.00 बजे शुरू हुई प्रभात फेरी में सिख समाज की महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। सभी ने एक साथ कीर्तन किया और बाणी का प्रचार किया।

प्रभात फेरी कुसमुंडा गुरुद्वारे से शुरू होकर कबीर चैक और गोल्डी होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान समाज के सदस्यों ने चाय और नाश्ते का आयोजन किया।

प्रभात फेरी लगभग 7.00 बजे कुसमुंडा गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर सिख समाज ने गुरु नानक जी के उपदेशों को याद किया और उनके जीवन और शिक्षाओं को मनाने का संकल्प लिया।

# शराब भट्ठी के पास कुएं में मिले शव मामले में पांचवे दिन भी पुलिस के हाथ खाली

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** दीपावली की रात दोस्त के साथ शराब भट्ठी पहुंचे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में आज पांचवे दिन भी पुलिस की जांच अनसुलझी पहेली बनी हुई है। पुलिस अब तक तय नहीं कर पा रही है कि युवक की हत्या के उद्देश्य से उसे कुएं में ढकेला गया है अथवा वह शराब के नशे में खुद कुएं में गिरा है। पुलिस पहले तो पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद कुछ भी क्लियर होने की बात कह रही थी लेकिन पीएम रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त हुए दो दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस अब भी कुछ स्पष्ट बता पाने की स्थिति में दिखाई नहीं पड़ रही है। अभी भी पुलिस पूछताछ की बात कह रही है। गौरतलब है कि दीपावली के दिन रेलवे के सब स्टेशन के ठेकाकर्मी 33 वर्षीय विनसेंट आगोश लूकस पिता किशोर कुमार लूकस निवासी करंजी का शव एक नवम्बर को ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर स्थित शराब भट्ठी के अनुपयोगी कुएं से पुलिस ने बरामद किया था। कुएं के समीप उसकी लाल रंग



की स्कूटी और मोबाइल भी पड़ी मिली थी। बताया जा रहा है कि दीपावली के दिन वह सब स्टेशन काम से छुटने के बाद एक अन्य सहकर्मी के साथ दीपावली की रात शराब दुकान में शराब लेने पहुंचा था। इसके बाद से उसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा था। परिजन द्वारा युवक की गुमशुदगी की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को देने पर जब पुलिस उसे खोजने निकली तो शराब भट्ठी के पास उसकी स्कूटी व मोबाइल पड़ी मिली थी, जबकि घटना की रात में स्कूटी मौके पर नहीं थी। इसी आधार पर पुलिस आसपास उसकी तलाशी के लिए खोजबीन की और शंका के आधार पर अनुपयोगी कुएं में डीडीआरएफ टीम द्वारा कैमरा डालकर जांच की गई तो युवक का शव पड़ा मिला था। जिसके बाद एफएसएल टीम की उपस्थिति में आपदा राहत की टीम ने युवक का शव कुएं से बाहर निकाला गया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हत्या की आशंका पर उसके साथी अंबिकापुर निवासी अरविंद को दो दिनों तक हिरासत में रखकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि मृतक का शराब भट्ठी के पास कुछ युवकों से विवाद हुआ था। इस आधार पर पुलिस उन युवकों की खोजबीन कर रही थी। पुलिस को जब मृतक का पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ तो उसमें कुएं के पानी में डूबने से मौत होना चिकित्सक द्वारा लेख किया जाना बताया गया है। पुलिस का कहना है कि मारपीट होता तो मृतक के शरीर में चोट के निशान होते लेकिन पुलिस यह नहीं बता पा रही कि किन युवकों से मृतक का शराब भट्ठी के पास विवाद और मारपीट हुआ था।

पुलिस का कहना है कि युवक दीपावली के दिन सुबह से शराब पी रहा था और रात में अन्य दोस्त को बुलाकर उसने साथ में शराब पिया है। जिसके पश्चात नशे की हालत में वह कुएं में गिरा होगा यही संभावना जताई जा रही है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच चलने की बात कह रही है।

## कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के अवसर पर होगी हसदेव आरती

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** नदी संरक्षण और समर्थन की भावना से कोरबा अंचल में नमामि हसदेव संगठन काफी समय से काम कर रहा है। कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली के अवसर पर हसदेव तट पर संगठन द्वारा अनुष्ठान कराया जाएगा।

पिछले वर्ष से नमामि हसदेव द्वारा हर माह की अमावस्या और पूर्णिमा को हसदेव आरती की जा रही है। इसमें अधिकारियों से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोग यजमान बनाए गए। इनकी उपस्थिति में शाम 5 बजे से पूजा-अर्चना और हवन-पूजन की गयी। इसके पश्चात गंगा तट पर विभिन्न स्थान में होने वाली गंगा आरती के तर्ज पर यहां भी हसदेव आरती की गई।

## चार दिनों में 11 हत्यायें, राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है : दीपक बैज

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रदेश मे लगातार हो रही हत्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को राजीव भवन में पत्रकारवार्ता ली। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है। दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में 7 हत्यायें हुई है। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में 4 हत्यायें हुई है। तीन से चार दिनों में राजधानी क्षेत्र में रायपुर भिलाई में कुल 11 हत्यायें हुई है। जब देश का सबसे बड़ा त्योहार हो तब यह उम्मीद की जाती है, सरकार और पुलिस कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। ऐसे समय चार दिनों में 11 हत्यायें होना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थिति तो बिहार, यूपी से भी ज्यादा डरावनी हो गयी है। यह सरकार छत्तीसगढ़ को मणीपुर बनाने पर तुली है। प्रदेश में पहली बार हो रहा कि जातीय आधार पर संघर्ष हो रहा है। राजधानी के सकरी गांव में दंगा हो गया, एक घर में आग लगा दिया गया, वाहनों को जला दिया गया, यदि परिवार वाले गांव छोड़कर नहीं जाते 11 सदस्य का पूरा परिवार घर में जिंदा जल गया होता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं। दामाखेड़ा, जो कबीर पंथ का दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। दामाखेड़ा आश्रम के बाहरी इलाके में 50-60 लोग पहुंचे और आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। उपद्रवियों ने आश्रम के मुख्य द्वार के पास जलता हुआ बम फेंका, जिससे आग लग गई और परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उपद्रवियों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी, जिसमें आश्रम में मौजूद कई लोगों को चोटें आईं। आश्रम के उदित मुनि साहब को टारगेट कर हमला किया गया। अब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हम मांग करते है कि ऐसी सरकार को जो लोगों के जान माल की रक्षा नहीं कर पा रही, उस सरकार के मुखिया और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाये। इस पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह भी उपस्थित थे।

# पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन आज

**राजनांदगांव, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल एवं समाज सेवी श्री रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी पूर्वान्ह 11 बजे तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी। मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत शाम 6 बजे दीप प्रज्जवलन तथा शाम 6.1 बजे से शाम 6.30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीत शिल्पी श्रीमती बाबी मंडल द्वारा भजन व छत्तीसगढ़ी गीत, श्री प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन, प्लेबैक सिंगर सुश्री ऐश्वर्या पंडित द्वारा हिन्दी गायन तथा श्री शरद श्रीवास्तव द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की बेटी बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित वर्ष 2015 में इंडिया गोट टैलेंट की गोल्डन बजर विजेता रही हैं। वर्ष 2016 में भारत की शान कार्यक्रम की ग्रैंड फाइनलिस्ट रहीं हैं। वर्ष 2018 इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही हैं। सारे गा मा पा कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। उन्होंने फिल्म द पावर, कुटुम्ब, परमाणु एवं कई सीरियल में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ऐश्वर्या पंडित ने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, दुबई, टर्की, इस्ताम्बुल एवं अन्य देशों में भी अपनी गायन प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक श्री प्रभंजय चतुर्वेदी देश के ख्यातिप्राप्त भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के शिष्य हैं। मैराथन भजन गायन के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वे रेडियो एवं टीवी कलाकार भी हैं।

# सरगुजा कमिश्नर व कलेक्टर का भी आदेश नहीं मान रहे हैं राजस्व विभाग के अधिकारी...

## कोर्ट के आदेश को दर किनार कर अपनी मर्जी चला रहे हैं सरगुजा राजस्व

**पीड़ित ने कहा सरगुजा कलेक्टर परिसर में आत्मदाह करुंगा....**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर/ अम्बिकापुर में राजस्व विभाग के अधिकारियों के कार्यप्रणाली से हर कोई वाकिफ हैं.आदेश होने के बाद भी लेन-देन व राजनीतिक रसूख के बगैर यहां कोई भी कार्य हो जाएं संभव नहीं होता है.लेकिन अब तहसील कार्यालय के अधिकारियों के द्वारा अब अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को भी मानने से इंकार करने का मामला सामने आया है. राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों के इस गैरजिम्मेदाराना रवैया से एक गरीब ग्रामीण युवक और उसकी मां को दर दर भटकना पड़ रहा है.

दरअसल अम्बिकापुर के रहने वाले अविनाश राजवाड़े का कहना है कि उनके पिता नरेंद्र राजवाड़े की मौत के बाद उनके स्वामित्व की भूमि पर उसका भी नाम चढ़ना था. लेकिन उनके परिजनों के द्वारा उनके पिता की भूमि के खाते में उसका नाम चढ़ने नहीं दिया जा रहा है. जिसके कारण अविनाश ने इस मामले को एसडीएम कोर्ट में चुनौती दिया जहां उसके कह में फैसला सुनाया गया और तहसीलदार अम्बिकापुर को उनके पिता की स्वामित्व की भूमि में अविनाश का भी नाम चढ़ाएं जाने का आदेश दिया गया.



लेकिन इस बीच अविनाश के विरोधियों के द्वारा एसडीएम के फैसले को सरगुजा कमिश्नर कोर्ट में चुनौती दिया गया. जहां भी अविनाश के पक्ष में सरगुजा कमिश्नर कोर्ट ने 16 जुलाई 2024 को फैसला सुनाने. अविनाश का कहना है कि इस बीच छत्तीसगढ़ राजस्व बोर्ड में भी उसके ही पक्ष में फैसला दिया गया है. इसके बावजूद आज तक तहसीलदार अम्बिकापुर व श्रीगढ की पटवारी उसका नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं कर रहे हैं. अविनाश ने बताया कि वह दो सप्ताह पूर्व भी कलेक्टर सरगुजा के जनसुनवाई में भी इस मामले की शिकायत की शिकायत दर्ज कराई गई थी. जहां कलेक्टर सरगुजा के द्वारा एसडीएम अम्बिकापुर को तत्काल कार्रवाई करने हेतु उनका आवेदन फार्वड किया गया था. इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई अंततः उसने इस मामले में कार्रवाई के लिए सरगुजा संभाग कमिश्नर कार्यालय का दरवाजा खटखटाया गया जहां कमिश्नर सरगुजा के 25 अक्टूबर को कलेक्टर सरगुजा को सात दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए उन्हें सूचित करने का पत्र जारी किया गया था. लेकर फिर भी आज दिनांक तक तहसीलदार अम्बिकापुर कोई भी कार्रवाई नहीं किया गया है.

### तो आत्मदाह कर लूंगा...

पीड़ित अविनाश राजवाड़े का कहना है कि पिछले चार वर्षो से वह राजस्व विभाग का चक्कर काट रहा है. सभी राजस्व कोर्ट का आदेश उसके पक्ष में आने के बाद भी तहसीलदार अम्बिकापुर के द्वारा कार्रवाई करने को लेकर उसे परेशान किया जा रहा है ऐसे में वह अब कलेक्टर कार्यालय में ही आत्मदाह करेगा जिसका जिम्मेदार राजस्व विभाग होगा. अविनाश का कहा कि उसके परिवार में मात्र वह और उसकी बेवा मां है ऐसे में शहर के भूमाफिया के द्वारा राजस्व अधिकारियों को पैसा देकर राजस्व कोर्ट के फैसले पर अमल नहीं करने दिया जा रहा है.

### रिकार्ड दूरूत करने की कार्यवाही की जा रही है....

वही इस मामले में अम्बिकापुर तहसीलदार उमेश बाज का कहना है कि कमिश्नर कोर्ट से आदेश के बाद 45 दिनों तक का स्टे होने का कारण रिकार्ड दूरूत नहीं हो सका लेकिन अब प्रक्रिया के तहत रिकार्ड दूरूत किया जा रहा है. उन्होंने ने बताया कि जल्द ही अविनाश राजवाड़े का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा.

# इस चुनाव में दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे : कांग्रेस

**दक्षिण से आकाश शर्मा प्रचंड मतो से चुनाव जीतेंगे : दीपक बैज**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अबकी बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। पूरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वातावरण बना हुआ है। जनता के आर्शिवाद से यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा चुनाव जीतेंगे। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। दीपक बैज ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा प्रचंड मतो से चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस का प्रत्याशी युवा है, उनको व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। वे जुझारू है। इसके विपरीत भाजपा प्रत्याशी पर सांसद रहते हुये निष्क्रियता का तमगा लगा हुआ है। रायपुर की जनता ने सांसद के रूप में सुनील सोनी को अवसर दिया था लेकिन वे जन आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाये। कांग्रेस ने उनके मुकाबले सक्रिय युवा को मौका दिया है।

# नियम कानून ताक पर रख ग्राम प्रधान ने अपने ही खाते से निकाल लिए रुपए

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

उन्नाव। सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए आए दिन नए नए नियम बना रही है पर भ्रष्टाचार करने वाले है कि कोई न कोई भ्रष्टाचार का नया रास्ता ढूंढ ही लेते है ताजा मामला उन्नाव कि विकासखंड हसनगंज कि ग्राम पंचायत लालपुर का है जहां गांव प्रधान ने अपने ही खाते में चुना व फागिंग का 17650 रुपया इसी वर्ष 17/03/2024 को पंद्रहवें वित्त के खाते से निकाल लिया जो नियमता पूरी तरह से गलत है पर ग्राम प्रधान ने सभी नियम कानूनों को ताक पर रख गलत तरीके से अपने ही खाते में चुना व फागिंग के पैसों का भुगतान कर लिया जबकि नियम होता है कि ग्राम प्रधान खुद को या अपने किसी सगे सम्बन्धी को ग्राम पंचायत के वित्त के पैसों से मानदेय के अलावा कोई भी लाभ न खुद लेगा न ही अपने सगे सम्बन्धीयो को ही देगा पर ग्राम प्रधान ने सारे नियमों को दर किनार कर अपने ही खाते में रुपए निकाल लिए है। गांव निवासी जेके जादूगर ने बताया गांव में कभी भी चुना नहीं डाला जाता है न ही कभी फागिंग ही कि गई है ग्राम प्रधान द्वारा जो भी पैसा निकाला गया है वो पूरी तरह से फर्जी व गलत है ग्राम प्रधान के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। खण्डविकास अधिकारी मुनेश चंद्र ने बताया मामले की जानकारी हुई है जांच कराई जाएगी।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**उद्घोषणा**

इस ईष्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अल्ताफ हुसैन पिता हकीक अहमद निवासी ग्राम रामपुर जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धौराटिकरा तहसील बैकुण्ठपुर में स्थित भूमि ख0न0 257/1 रकबा 0.075 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि ख0न0 257/1 रकबा 0.075 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्षा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक आपत्ति पेष कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा सहित जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)<br>
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईष्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक मुजीब हाषमी आ0 एम0ए0 कुरैषी निवासी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर में स्थित भूमि ख0न0 76/9/थ रकबा 0.022 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिए डायवर्सन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्षा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/11/2024 तक आपत्ति पेष कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 29/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)<br>
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0)<br>
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**उद्घोषणा**

इस ईष्तहार के जरिये ग्राम खोड़री तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अल्ताफ हुसैन पिता हकीक अहमद निवासी ग्राम रामपुर जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्र्राम खोड़री प0ह0न0 04 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया में स्थित भूमि ख0न0 158/13 रकबा 0.020 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त दर्षित भूमि 158/13 रकबा 0.020 हे0 भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्षा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक आपत्ति पेष कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)<br>
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0)<br>
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**उद्घोषणा**

इस ईश्तहार के जरिये ग्राम नरसिंहपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शकिल अहमद पिता हकीक अहमद निवासी रामपुर जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्र्राम नरसिंहपुर प0ह0न0 20 रा0नि0मं0 बडगांव जिला कोरिया में स्थित भूमि ख0न0 21/4 रकबा 0.180 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त दर्शित भूमि 21/4 रकबा 0.180 हे0 भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्षा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)<br>
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0)<br>
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202410020700202**

**विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2024-25**

**फुन्दुरडिहारी प.ह.न.00016 {143/4(0.0690हे0)}**

**पक्षकारों का विवरण -आवेदक पक्षकार -पंकज कुमार सिन्हा,**

**अनावेदक पक्षकार-रामजन्म**

**ईश्तहार**

आवेदक पंकज कुमार सिन्हा आ0 महेश्वरी प्रसाद सिन्हा व अन्य निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित भूमि खसरा नंबर 143/4 रकबा 0.069 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार<br>
तहसील अम्बिकापुर

# वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर साउथ कोरिया से ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र मिला निवेश को

**राज्य युवा आयोग विश्व विजय सिंह तोमर एवं भाजपा संवाद प्रमुख संतोष दास की उपस्थिति में किया गया प्रमाण पत्र का वितरण**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अंबिकापुर/ वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर साउथ कोरिया से ब्लैक बेल्ट का प्रमाण पत्र आज अंबिकापुर के ताइक्वांडो खिलाड़ी निवेश दुबे को मिला। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय तोमर ने भाजपा जिला संवाद प्रमुख संतोष दास की उपस्थिति में आज ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र निवेश को भेंट कर सम्मानित किया। विदित है कि अम्बिकापुर में ब्लैक बेल्ट एग्जाम पूर्व में दिनांक 14 ,15 जनवरी 2023 को रखा गया था, जिसमें ए. टी. राजीव बेंगलुरु इंटरनेशनल मास्टर एवं ताइक्वांडो संघ छत्तीसगढ़ के महासचिव अनिल द्विवेदी शामिल रहे थे। ताइक्वांडो के ब्लैक बेल्ट एग्जाम पश्चात ही ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन निवेश दुबे को वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर साउथ कोरिया से ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र आज प्राप्त हुआ। इस खुशी के मौके पर ताइक्वांडो खिलाड़ी निवेश को बधाई देते हुए युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय तोमर ने कहा कि सरगुजा की प्रतिभाओं ने देश विदेश में हमेशा ही जिला, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी निवेश से प्रेरित होकर जिले के और भी युवा ताइक्वांडो खेल की ओर निश्चय ही प्रेरित होकर आगे आयेंगे। इस अवसर पर ताइक्वांडो अम्बिकापुर सरगुजा के प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी, सचिव अशोक तिर्की, लखनपुर ताइक्वांडो संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष देवेश वर्मा, टीपू विश्वकर्मा, अभय कुमार, अश्विनी सिंह सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित होंगे छत्तीसगढ़ के 181 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रायल ने देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस के 348 अफसरों और कर्मचारियों को पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इनमें सबसे ज्यादा 181 छत्तीगसढ़ पुलिस के अफसर और जवान शामिल हैं। एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एसपी विजय पांडे,एसपी आई के एलेसेला, समेत निरीक्षक, उप निरीक्षक, एएसआई, हवलदार और आरक्षक को केंद्रीय गृह मंत्री का पुलिस पदक मिलेगा।

# बहन के साथ प्रेम विवाह, नाराज युवक ने जीजा को चाकू से गोद डाला

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले दिनों आधा दर्जन से ज्यादा हत्या, चाकूबाजी, मारपीट की घटनाएं हुई हैं। मामलों की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने हत्या तथा अन्य गंभीर अपराध के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। तिल्दा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हत्या सहित अन्य अपराधिक मामलों की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में टीआई




अविनाश सिंह को लाइन अटैच कर सत्येंद्र सिंह श्याम को तिल्दा टीआई की जिम्मेदारी दी है।

### एक दर्जन से ज्यादा वार

पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश की क्षत विक्षत लाश नाला किनारे लावारिश हालत में मिली थी। मृतक की शिनाख्त करने के बाद उसका पोस्ट मार्टम कराया गया। शार्ट पीएम में ओम प्रकाश के शरीर के अलग-अलग अंगों में चाकू से एक दर्जन से ज्यादा वार करने की पुष्टि हुई है।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, तुलसी निवासी ओम प्रकाश रात्रे उर्फ गोला की हत्या के आरोप में हेम कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश शुक्रवार को बाइक लेकर घर से निकला था। इसी दौरान हेम कुमार ने ओम प्रकाश का रास्ता रोक चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी। संदेह के आधार पर पुलिस ने हेम कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने पुलिस को बताया कि ओम प्रकाश ने उसके बड़े पिताजी की बेटी से एक माह पूर्व प्रेम विवाह किया था।

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)**

**रा.प्रा.क्र..................ब-121/2024-25**

**ग्राम-सिंगचैरा तहसील राजपुर**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार आ0 स्व0 धनेश्वर जाति चेरवा निवासी ग्राम सिंगचैरा थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने पिता स्व0 धनेश्वर की मृत्यु ग्र्राम सिंगचैरा में दिनांक 06.09.2012 को हुआ है। किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचारधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 14/11/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**उद्घोषणा**

इस ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अल्ताफ हुसैन पिता हकीक अहमद निवासी ग्राम रामपुर जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धौराटिकरा तहसील बैकुण्ठपुर में स्थित भूमि ख0न0 393/3 क रकबा 0.028 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि ख0न0 393/3 क रकबा 0.028 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्षा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा सहित जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)<br>
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)**

**उद्घोषणा**

इस ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका साफिया बेगम पति नियाज अहमद निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर में स्थित भूमि ख0न0 76/च रकबा 0.020 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि ख0न0 76/च रकबा 0.020 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्षा सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा सहित जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)<br>
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ0ग0)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०../अ-6/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण हनान कुरैशी आ०स्व० साबीर मियां, अकबर कुरैशी आ.स्व. साबीर कुरैशी अन्य वगैरह, निवासी मायापुर अम्बिकापुर ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण के पिता साबीर मियां उर्फ साबीर कुरैशी के नाम पर मोहल्ला कौवाडांड, शीट नं. 03 स्थित खसरा नं. 1552, 1553 रकबा क्रमशः 0.04, 0.05 एकड़ भूमि तथा आवेदिका क्र 7 के पति शफीक कुरैशी के संयुक्त स्वामित्व की खसरा क्रमांक 1551/2 रकबा 0.06 एकड़ भूमि है। आवेदकगणों के पिता मो० साबीर कुरैशी की मृत्यु दिनांक 18.08.2012 को हो गई है तथा शफीक कुरैशी की मृत्यु दिनांक 06.11.2020 को हो गई है। अतः आवेदकगण द्वारा स्वयं को मृत्तक भूधारक के वैद्य उत्तराधिकारी बताते हुये फौति नामांतरण के आधार पर उक्त वादभूमि पर से अपने पिता/पति का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक-13/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी<br>
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०- /ब-121/2023-24**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्रुमिल अग्रवाल आ० दुर्गा प्रसाद अग्रवाल निवासी सेठ बसंत लाल मार्ग अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2802/13 रकबा 0.085 हे0 मेसे रकबा 0.065 हे0 एवं खसरा नंबर 2802/20 रकबा 0.002 हे० भूमि को अनावेदक राजेश अग्रवाल आ० स्व० रामऔतार अग्रवाल निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपये 31,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.11.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार<br>
अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०- /ब-121/2023-24**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक दीपक गोयल आ० जगमहेन्द्र गोयल व अन्य निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4578/7 रकबा 0.029 हे0 भूमि को अनावेदक राजेश अग्रवाल आ० रामऔतार अग्रवाल व अन्य निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपये 41,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.11.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार<br>
अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०./अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश साहू, मिथलेश साहू आ० रामदेव साहू जाति तेली निवासी मणिपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम केशवपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 264, 265, 266 रकबा 0.040, 0.081, 0.332 हे० भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक (गोदाम) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, ऋणपुस्तिका की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक -04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).<br>
अम्बिकापुर

# सम्पादकीय

## चींटी बनकर नहीं चल सकते

कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार पर टिका हिमाचल का एक युग मानव इतिहास के पन्नों से भी मुखातिब है। लगभग अंतिम चरण में पहुंची भूमि अधिग्रहण की पैमाइश ने इतना आश्वासन तो दे ही दिया है कि कल आसमान खुला होगा, तो कुछ छतें नई नींव पर पुनर्वास का आसरा ढूंढ लेंगी। यह आर्थिकी का महाकाव्य है, जो जमीन से आसमान तक लिखा जा रहा है। जमीन पर ग्रामीण पगडंडियां, खेतों की मेढ़ें और पुश्तैनी यादें अब विकास की सदी में नया ठौर खोजने की सहमति में और कहीं आसमान पर आर्थिकी के नए राजदूत के आने का इंतजार। बदलते हिमाचल की जिस महत्त्वाकांक्षा ने हमें स्थापित किया, वहां से आगे का सफर, अगली सुबह की तपस्या से सराबोर है। अगर हमारे घर के आंगन तक सडक और सडकों पर बेशुमार गाडियां होंगी, तो कल के रास्ते भविष्य की फोरलेन से भी आगे निकलेंगे। इसी दिवाली में हर गांव से शहर तक के बाजार ने व्यापार देखा, तो घुटन यह भी रही कि वाहनों की तादाद ने रास्ते जाम कर दिए। हमारा विकास हमें सडक पर चींटी बनाकर नहीं चला सकता, इसलिए भौतिक व आर्थिक परिवर्तन की सतह पर किनारे खोलने पड़ेंगे। जाहिर है जहां कहीं फोरलेन आंखें खोल रही है, वहां इनसान का अपने ही अतीत से द्वंद्व बिखर रहा है। कई घाव लिए परिंदे भी उड़ते होंगे, आकाश पर सदा रहने के लिए। इसलिए आज का दर्द भविष्य का एतबार बनेगा, तेरे सामने धरती की मुलाकात हो रही है। ऐसे में जहां से फोरलेन गुजर रही है, वहां से नजदीक होंगी आने वाली सदियां, लेकिन इस रोशनी को बांटने के लिए बहुत सतर्क होना पड़ेगा। कुछ इसी तरह गगल एयरपोर्ट विस्तार में भविष्य है और पीड़ा का इजहार भी चप्पे-चप्पे पर खड़ा है।

परियोजना की प्रासंगिकता में सुक्खू सरकार की निर्णायक भूमिका, अगर पर्यटन का भविष्य देख रही है तो यह एक मील पत्थर साबित होगा। गगल एयरपोर्ट विस्तार के नजरिए में न व्यापार की सीमा रेखा है और न ही भौगोलिक दूरियों का बंधन रहेगा, यानी कल फोरलेन के कारण यहां तक पहुंचती उड़ानें, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, चंबा से कहीं आगे पड़ोसी पंजाब की सरहद मिटा सकती हैं। इसके लिए अभी से सिने पर्यटन के तहत गरली-परागपुर को फिल्म सिटी और टीएमसी, नादौन मेडिकल कालेज व पपरोला आयुर्वेद महाविद्यालय के अलावा कुछ अन्य अस्पतालों को चिकित्सा पर्यटन से जोड़ देना चाहिए। बड़े हवाई अड्डे के साथ निवेश की नई राहें केवल पर्यटन एवं टूरिस्ट इंडस्ट्री तक ही नहीं, बल्कि हिमाचल को सूचना प्रौद्योगिकी के हब के रूप में मजबूत करने की ताकत रखती हैं। यहां के सांस्कृतिक परिदृश्य व प्राकृतिक दृश्यावलियों के बीच तिब्बती एवं बौद्ध पर्यटन को एक नई परिभाषा दे सकता है, लेकिन इसके लिए धर्मशाला के प्रस्तावित कानवेंशन सेंटर को तीव्रता से मुकम्मल करने के अलावा कालचक्र के आयोजन को मकलोडगंज व जोगिंद्रनगर के बीच कहीं केंद्रीय स्थल पर अधोसंरचना निर्माण को पहल करनी चाहिए। कांगड़ा एयरपोर्ट सुजानपुर, पुराना कांगड़ा, मसरूर, नूरपुर व चंबा के धरोहर का सारथी बन सकता है, बशर्ते उस स्तर के पर्यटक के लिए विभिन्न महानगरों से सीधे उड़ानें शुरू हों। बड़े हवाई अड्डे के साथ हिमाचल के पहाड़, खेत, धार्मिक स्थल, जड़ी-बूटियां, चाय उत्पादन, शहद, पारंपरिक कपड़े, आभूषण व कलाओं के प्रति अंतरराष्ट्रीय मांग का दायरा बढ़ेगा। जहां एक ओर कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार तीव्रता से मंजिलें गिन रहा है, वहीं इसके साथ-साथ वाटर स्पोर्ट्स, साहसिक खेलें, सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा धर्मशाला के कानवेंशन सेंटर, बनखंडी के चिडियाघर, डगवार के यूनिट माल व बिलासपुर-पौंग जलाशय की गतिविधियों को भी गति मिलनी चाहिए।

**संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में कहा, 'यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' होसबोले की यह बात यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान का ही समर्थन है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान आदि मुल्कों में हिंदुओं पर जिस तरह से अलग अलग तरीके से प्रहार हो रहे हैं, भारत के अंदर हिंदुओं को लेकर जिस तरह के नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं, राजनीतिक जमीन के लिए जातिगत खाई बढ़ाई जा रही है, उसे देखते हुए संघ की बातों में सार्थकता है। कुछ लोगों को यह एक खोखला विषय लगता है कि हिन्दू खतरे में है और उसे एक होना चाहिए। किन्तु आज भारतीय समाज अंतर्बाह्य चुनौतियों एवं संकटों से घिरा है। परवर्ती काल में आदि-शंकराचार्य भी अपने ढंग से इसी हिन्दू एकता का कार्य कर रहे थे। भारत में मुस्लिम आक्रांताओं के आने से हिंदुओं पर अत्याचार और विभाजित हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ। इसीलिए भक्ति की जो अलख उस समय जगी उसमें कवियों ने एकता की बात पर जोर दिया। संघ हमेशा से हिंदू एकता पर काम करता रहा है, हमें एकता का प्रयत्न करना होगा इसे आचरण में लाना है। संघ के हिंदू एकता पर जोर देने का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# विश्व कल्याण के लिए हिन्दू एकता जरूरी



विश्लेषण
प्रो. निरंजन कुमार
सीनियर प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय

**हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसीलिए हम यह एकता बनाए रखना चाहते हैं। यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और बांग्लादेश समेत विश्व भर में हिंदुओं के मानवाधिकारों पर चिंता जताई। उधर, बांग्लादेश में लगातार हिंसा और अत्याचार सह रहे हिन्दुओं ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाते हुए चटगांव में विशाल रैली का प्रदर्शन किया तो उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने कहा कि कनाडा में हिंदू फोबिया अपने चरम पर है।**

मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के प्रेस कॉन्फ्रेंस, अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हिंदुओं को लेकर दिए गए वक्तव्य, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की हालिया घटनाओं के बाद चटगांव में हिंदुओं की बड़ी रैली तथा उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) का कनाडा की स्थिति पर बयान; इनमें क्या समानता है? यह जानकर आपको भयमिश्रित आश्चर्य होगा कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में, अलग-अलग दिखने वाली ये चारों स्थितियां दुनिया में हिन्दुओं की चिंताजनक हालात का बयान कर रहे हैं। एक दिलचस्प संयोग है कि ये चार चीजें दिवाली के आसपास घटित हुईं। यह सर्वविदित है कि दिवाली त्योहार प्रभु श्रीराम द्वारा रावण को हराकर वापस आने के बाद हुए राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। यहां एक दिलचस्प सवाल उठता है कि उपरोक्त चार घटनाओं का 'रामराज्य या राम-रावण युद्ध' से क्या कोई संबंध बनता है?

### 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाली बात का समर्थन

दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में कहा, 'यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' उन्होंने कहा, 'हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसीलिए हम यह एकता बनाए रखना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और बांग्लादेश समेत विश्व भर में हिंदुओं के मानवाधिकारों पर चिंता जताई। उधर, बांग्लादेश में लगातार हिंसा और अत्याचार सह रहे हिन्दुओं ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाते हुए चटगांव में विशाल रैली का प्रदर्शन किया तो उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने कहा कि कनाडा में हिंदू फोबिया अपने चरम पर है और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसके साथ ही पूरे पाकिस्तान और अफगानिस्तान या स्वयं भारत के कुछ हिस्सों में हिन्दुओं को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी ही घटनाओं को देखते हुए ही हाल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि 'बंटेंगे तो कटेंगे'। इस कथन पर तथाकथित सेक्युलर राजनीतिक दलों और लेफ्ट- लिबरल तथाकथित बुद्धिजीवियों ने अपनी स्वाभाविक प्रतिक्रिया दी। किन्तु यह बात पूर्णतः सत्य है कि अतीत या वर्तमान में भी जब हम बंटे तो हमारा उत्थान रुका। इसीलिए मथुरा में संघ सरकार्यवाह होसबाले ने सीएम योगी की 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाली बात का समर्थन करते हुए कहा कि वास्तव में बंटेंगे तो कटेंगे का अर्थ 'एकता की आवश्यकता है। कुछ पहले महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि 'हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे'। विजयदशमी के दिन स्वयं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी अपने उद्बोधन में हिंदुओं के एक होने की बात कही। उन्होंने भी कहा कि जाति, भाषा, प्रान्त आदि के आधार पर टकराव उत्पन्न करने की कोशिशें देश में लगातार की जा रही हैं।

### वास्तविकता से मुंह नहीं मोड़ सकते

आज जब इस प्रकार हिंदुओं के एक होने की बात बड़े-बड़े मंचों से उठाई जा रही है तो निश्चित रूप से इस विषय को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। कुछ लोगों को यह एक खोखला विषय लगता है कि हिन्दू खतरे में है और उसे एक होना चाहिए। किन्तु वास्तविकता से मुंह मोड़ा नहीं जा सकता। ऐसा नहीं है कि ऐसा कुत्सित प्रयास वर्तमान में ही हो रहा है। पूर्व में भी अनेक आक्रांताओं और अंग्रेजों ने इस तरह के षड्यंत्र किए और कुछ हद तक उसमें सफल भी हुए। आज के दौर में कुछ लोग 'हिन्दू' शब्द को साम्प्रदायिकता के चश्मे से देखते हैं, इसीलिए जब भी हिन्दू हित या हिंदुओं की रक्षा की बात कहीं उठती है तो एक खास वर्ग उस पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया देता है। हालांकि हिन्दू शब्द की अनेक व्याख्याएं की जाती रही हैं, अंग्रेजों ने इस शब्द की जो व्याख्या की वह वास्तव में ग्राह्य नहीं है। व्यापक रूप से इसे देखें तो वस्तुतः हिमालय से समुद्र पर्यन्त विस्तृत भू-भाग में जन्मी उपासना पद्धति (यों) को मानने वाले 'हिन्दू' हैं। यहां यह समझना जरूरी है कि केवल सनातन धर्म के अनुयायी ही हिन्दू नहीं कहलाते। अपितु जैन, बौद्ध मतों को मानने वाले भी हिन्दू ही हैं। भारतीय कानून के अनुसार भी 'हिंदू' एक वृहत अवधारणा है जिसके अंतर्गत हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन के अतिरिक्त वीरशैव, लिंगायत,ब्रह्मो, प्रार्थनाया आर्य समाज के अनुयायी आदि सभी शामिल हैं। इनका मूल आधार यही भूभाग है। इन भारतीय मतों का उदय मूलतः सनातन से ही हुआ और आज इन्हें हिन्दू धर्म की शाखाओं या मत के रूप में देखा जा सकता है। यह महत्वपूर्ण है कि इन सभी मतों को मानने वालों में विविधता के बावजूद पुरातन काल से ही एकता रही है। सुप्रीम कोर्ट ने तो हिंदू को एक जीवन शैली ही कहा है, जो केवल धार्मिक चश्मे से ही नहीं देखा जा सकता है। हिंदू, हिंदुत्व भारतीय वाङमय में रचे बसे हैं।




### हमें अपने अतीत से सीखना चाहिए

कालांतर में कुछ लोगों ने इस एकता को भंग करने का प्रयास किया और कुछ लोग आज भी हिन्दू एकता को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# संघ के तौर-तरीकों को समझना जरूरी



विमर्श
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की दो दिवसीय बैठक के बाद मीडिया की सुर्खियां बनी कि संघ ने बंटेंगे तो कटेंगे वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन किया। संघ पिछले 99 वर्षों से हिंदू समाज की एकता के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो इस वक्तव्य का समर्थन न करने का कोई कारण नहीं। मथुरा के दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, गऊ ग्राम परखम में आयोजित दो दिवसीय बैठक के समापन अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले से पत्रकार वार्ता में यह प्रश्न किया गया था। उन्होंने कहा कि चाहे भाषा जो भी प्रयोग की जाए, यह सच है।

संघ हमेशा से हिंदू एकता पर काम करता रहा है, हमें एकता का प्रयत्न करना होगा इसे आचरण में लाना है। हम जाति, भाषा, प्रांत, अगड़े, पिछड़े में बटेंगे तो कटेंगे। हिंदू समाज की एकता संघ के लिए जीवन वृत्त है। हम इसके लिए आग्रहपूर्वक कहेंगे और करेंगे भी। जिस तरह मीडिया ने इसे चुनाव और राजनीति की दृष्टि से भाजपा की टैगलाइन का अनुसमर्थन साबित किया। गहराई से देखें तो दत्तात्रेय ने व्यापक संदर्भों में बात की। इस संदर्भ में उनकी अगली पंक्तियां भी महत्वपूर्ण हैं- अपने को बचाए रखने और दुनिया का मंगल करने के लिए हम हिंदू एकता चाहते हैं।

### हिंदू एकता बड़ी ताकत बनेगी

हिंदू एकता लोक कल्याण और सबको सुख प्रदान करने वाली। यानी हिंदू एकता का लक्ष्य किसी मजहब, पंथ या देश का विरोध नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता का कल्याण और विश्व का मंगल है। वह एक नहीं रहेंगे तो स्वयं कटेंगे, विश्व के लिए भी अमंगलकारी होगा। इसलिए राजनीति और वोट की दृष्टि से इसका महत्व है, क्योंकि विपक्षी पार्टियों और भारत विरोधी आंतरिक और बाहरी शक्तियों ने जाति के आधार पर बांटकर अपना राजनीतिक, आर्थिक और अन्य लक्ष्य पाने की रणनीति अपनाया हुआ है। भारत विरोधी शक्तियों ने यह समझा है कि हिंदू अगर जातियों से ऊपर उठकर हिंदू के रूप में विचार करने लगा तो भारत को विश्व की प्रमुख महाशक्ति और प्रभावी देश बनने से नहीं रोका जा सकता।

ऐसा हो गया तो वो अपने स्वार्थों को पूरा करने वाली जैसी विश्व व्यवस्था बनाए रखना चाहते हैं, नहीं रह जाएगा। इसलिए यह कामना कि हिंदू समाज एक होकर सोचें, चुनावों के दौरान मतदान करें तथा जाति, प्रांत, भाषा में न बंटे, यह भारत के हित में ही है। दत्तात्रेय के वक्तव्य में राजनीति और चुनाव की बात नहीं थी। यह हो भी नहीं सकती क्योंकि जिन लोगों ने निष्पक्षता से संघ को देखा व अध्ययन किया है उन्हें पता है कि मीडिया और हम विचार केंद्र में जिस तरह वोट और राजनीति को सर्वोपरि रखते हैं वैसा संघ में होता नहीं।

### पंच परिवर्तन का मुद्दा अहम

पत्रकार वार्ता में होसाबोले ने कहा कि पिछले मार्च में हुई प्रतिनिधि सभा की समीक्षा की गई। शाखा में आने वाले व हर समूह के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होता है, इस वर्ष कार्यकारी मंडल बैठक से पूर्व दो दिन का प्रांत टोली का प्रशिक्षण वर्ग हुआ। वर्तमान संदर्भ और



संघ से जुड़े विविध आयामों के कार्य विस्तार पर चर्चा के साथ आने वाले दिनों में हमें क्या-क्या करना है, नये विचार कैसे जुड़ेंगे, समाज के नये व्यक्तियों को कैसे जोड़ना है, विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को जोड़ना और जुड़े हुए लोगों से कार्य विस्तार कैसे हो, इसकी भी चर्चा बैठक में हुई है। संघ 99 वर्ष पूर्ण करते हुए शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। शताब्दी की दृष्टि से तत्काल संघ पंच परिवर्तन का मुद्दा लेकर समाज के बीच जा रहा है। पंच परिवर्तनों में स्व आधारित जीवन शैली, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं।

यह ऐसा विषय है जिस पर केंद्रित होकर भारत का कोई संगठन काम नहीं करता। समस्या यह है कि हमारे राजनीतिक दल, मीडिया तथा बुद्धिजीवियों और एक्टिविस्टों का बहुत बड़ा वर्ग अज्ञानता , निहित स्वार्थों या संकुचित दृष्टि के कारण संघ की आलोचना करता है और संघ खंडन या स्पष्टीकरण में पड़ने की जगह लक्ष्य के अनुरूप काम करता रहता है। होसाबोले ने सही कहा कि संघ के कार्य का मूल आधार है शाखा। जहां शाखा नहीं लगती वहां मासिक संघ मंडली का काम है। 27 अक्टूबर को क्षेत्र प्रचारकों व प्रांत प्रचारकों की बैठक हुई जिसमें पंच परिवर्तन के विषय को समाज के अंतिम पायदान पर कैसे पहुंचाया जाए इसका लक्ष्य तय हुआ। यानी कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से संयुक्त परिवारों को बचाने के लिए स्वयंसेवक घर-घर जाएंगे, परिवार आपस में संवाद बनाए रखें एक साथ भोजन की परंपरा निभाएं इसके लिए लोगों को समझाएंगे। इसी तरह पर्यावरण रक्षा के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को सचेत करना तथा नागरिक कर्तव्य समझाना है। सामाजिक समरसता और स्वदेशी के लिए भी लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य हुआ। जैसा हम जानते हैं कार्यकारी मंडल में ओटीटी प्लेटफॉर्म और इंटरनेट को लेकर गहरी चिंता प्रकट की गई जो भारत के पारिवारिक, सामाजिक विभाजन, कुसंस्कार पैदा करने तथा अन्य प्रकार की अवांछित गतिविधियों का कारण बन रहा है। यह भी तय किया गया कि आपत्तिजनक सामग्रियों के बारे में बच्चों पर पड़ने वाले कुसंस्कारों की जानकारी देनी है। दत्तात्रेय का कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होनी चाहिए, पर इस पर एक नियामक भी बनाने की जरूरत है। सरकार तो इस ओर ध्यान देगी ही, समाज को भी संस्कारों में वृद्धि करके इस ओर ध्यान देना चाहिए। कौन संगठन इतने बड़े खतरे को देखते और समझते हुए भी इस तरफ फोकस करके काम करने को अग्रसर है? कार्यकारी मंडल की बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र और प्रांत के पदाधिकारी होते हैं जबकि कार्यकारिणी में अखिल भारतीय पदाधिकारी के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। संघ की हर बैठक में बांग्लादेश के हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा विचार के केंद्र में रहता है और इनमें भी था।

### विरोधियों को सीखने की जरूरत

अगर होसबोले ने कहा कि हिन्दू समाज को वहां से पलायन करने की जरूरत नहीं है, वे वहीं डटे रहें, वह उनकी भूमि है और यह भी कि जहां भी संकट आता है, हिन्दू भारत की ओर देखता है तो मानकर चलिए कि संघ अपनी क्षमता के अनुसार इसकी हर स्तर पर कोशिश भी कर रहा होगा। विरोधियों को संघ की इसी कार्य पद्धति से सीखने की आवश्यकता है। आमतौर पर राजनीति और अन्य कई क्षेत्रों के लोगों को समझ नहीं आता कि संघ के लोग बार-बार चरित्र निर्माण की बात क्यों करते हैं। दत्तात्रेय ने कहा कि संघ चरित्र निर्माण का कार्य करता है, जो केवल चर्चाओं में नहीं वरन् आचरण में दृष्टिगोचर होता है।

आपदा के समय अपनी सीमाओं और संसाधनों के साथ मोर्चा संभालने में स्वयंसेवक हमेशा दिखते हैं। विरोधी विचारें कि उनके द्वारा संघ को सांप्रदायिक या दूसरे मजहबों का विरोधी बताना क्या झूठ नहीं?

# निशाने पर सनातन समाज व संस्कृति



दो टूक
प्रणय कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वक्तव्य - बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे..." ने पर्याप्त सुर्खियां बटोरीं। मथुरा में हाल ही में संपन्न संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इसका खुलकर समर्थन किया। अपने-अपने दृष्टिकोण से इसके निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि जातीय चेतना, दलित विमर्श, क्षेत्रीय अस्मिता एवं पृथक पहचान के नाम पर छोटी-छोटी अस्मिताओं को उभारकर समाज एवं राष्ट्र को बुरी तरह विभाजित करने वाले नेताओं एवं दलों को भी सीएम योगी के वक्तव्य और उस पर संघ की सहमति में संकीर्णता एवं सांप्रदायिकता नजर आती है! क्या यह सत्य नहीं कि आज इस देश के प्रमुख विपक्षी दल और उनके नेतागण उन्हीं वामी-जिहादी-औपनिवेशिक गठजोड़ की भाषा बोल रहे हैं, जिनकी दृष्टि में भारत कभी एक राष्ट्र न होकर, राज्यों का संघ मात्र रहा है, जिनकी दृष्टि में इस देश की संस्कृति, अस्मिता व राष्ट्रीयता भिन्न-भिन्न है, जिनकी दृष्टि में आतंकी गुट हमास, हिज़बुल्लाह जैसों का समर्थन तो पंथनिरपेक्षता है, पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर होने वाले अमानुषिक एवं बर्बर अत्याचार पर मुंह खोलना भी मतदाताओं का ध्रुवीकरण है?

### भारत विरोधियों का गिरोह सक्रिय

क्या यह सत्य नहीं कि देश और विदेश में भारत विरोधी बुद्धिजीवियों का एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो जाति-पंथ-भाषा-लिंग-क्षेत्र-मजहब आदि के नाम पर चलने वाले विमर्श को प्रगतिशीलता का पर्याय व परिचायक बताता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहां के मूल समाज व सनातन संस्कृति की छवि को धूमिल करने की ताक में घात लगाए बैठा रहता है? कौन नहीं जानता कि आज भारतीय समाज अंतर्बाह्य चुनौतियों एवं संकटों से घिरा है व निशाने पर भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं सनातन संस्कृति है? क्या इसमें भी कोई दो राय हो सकती है कि इस देश को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक एकता के सूत्र में पिरोए रखने के लिए परस्पर जुड़े रहने की आवश्यकता है? न केवल वर्तमान, अपितु अतीत में क्या हमारी सबसे बड़ी दुर्बलता विभाजनकारी प्रवृत्तियां और विभेदकारी कुरीतियां नहीं रहीं? क्या यह ऐतिहासिक सत्य नहीं कि विदेशी आक्रांताओं एवं साम्राज्यवादी शक्तियों ने फूट डालो और राज करो की नीति का अनुसरण करते हुए हमें दासता की बेड़ियों में जकड़ा और अंततः भारत को विभाजित करने में भी वे सफल रहे?

### भारत-विभाजन के कारण समझें

योगी या संघ के वक्तव्य को राजनीतिक पूर्वाग्रहों से विश्लेषित करने के स्थान पर अतीत के निर्णायक युद्धों में मिले जय-पराजय एवं भारत-विभाजन के कारणों-परिणामों के संदर्भों में देखना-समझना होगा। इतिहास साक्षी है, अतीत के हर निर्णायक युद्ध में हम विदेशी आक्रांताओं की वीरता नहीं, कुटिलता एवं धूर्तता के कारण हारे। हमने अद्भुत शौर्य, साहस एवं पराक्रम दिखाया, आवश्यकता पड़ने पर प्राणों की बाजी



लगाई, राष्ट्र की बलिवेदी पर सर्वस्व न्योछावर करने की भावना रखी, पर निहित स्वार्थों, मिथ्या दर्पों, आहत अभिमानों तथा पारस्परिक द्वेष एवं वैमनस्यता आदि के कारण अपनों से ही विश्वासघात कर बैठे और अंततः पराजित हुए। हमने कभी सामूहिक-संगठित-एकजुट होकर विदेशी आक्रांताओं का सामना नहीं किया। भारत-भूमि के विभाजन की विभीषिका विश्व-इतिहास की सबसे अमानवीय, नृशंस, क्रूरतम एवं भयावह त्रासदियों में से एक है। परंतु घोर आश्चर्य है कि इसके मूल कारणों, प्रमुख घटकों, भयावह परिणामों आदि को इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में दर्ज करने, पढ़ाए जाने एवं उन पर खुली चर्चा करने के स्थान पर कथित 'गंगा जमुनी तहज़ीब' व 'भाईचारे' के तराने गाए जाते रहे। विभाजन से एक वर्ष पूर्व मोहम्मद अली जिन्ना व मुस्लिम लीग के नेतृत्व में 16 अगस्त 1946 को अलग पाकिस्तान की मांग पर 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया गया। संयुक्त बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री हसन शहीद सुहरावर्दी के नेतृत्व में कट्टरपंथियों ने चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया, 72 घंटे के भीतर 6 हजार से अधिक हिंदुओं का कत्लेआम किया गया, हजारों हिंदू माताओं-बहनों-बेटियों को दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। न केवल विभाजन के कालखंड में बल्कि बाद के दिनों में भी बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान), पाकिस्तान, अफगानिस्तान में हिंदुओं-सिखों-बौद्धों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा, जिसकी परिणति वहां अल्पसंख्यकों की घटती जनसंख्या व जबरन मतांतरण में देखी जा सकती है। विभाजन के समय पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों की आबादी 14.2 प्रतिशत एवं पूर्वी पाकिस्तान में 28.4 प्रतिशत थी, जो आज घटकर क्रमशः 2.14 और 8.5 तक पहुंच गई है। वर्ष 1970 तक अफगानिस्तान में हिंदू-सिखों की अनुमानित संख्या लगभग 7 लाख थी, जो मजहबी हिंसा एवं तालिबानी राज में घटकर मात्र 43 रह गई है। आज बांग्लादेश में चहुंओर कट्टरपंथ क्रूर अट्टहास कर रहा है और बंग संस्कृति स्तब्ध है! वहां चुन-चुनकर हिंदुओं की दुकानें लूटी जा रही हैं, उनके घरों को निशाना बनाया जा रहा है, सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देने के लिए उनसे जबरन हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं, मंदिर व मूर्त्तियां तोड़ी जा रही हैं, महिलाओं के साथ सरेआम दुर्व्यवहार किया जा रहा है, यहां तक कि उन्हें दुर्गा पूजा और दीपावली तक मनाने से रोका जा रहा है। पूरी दुनिया ने उनकी रोती-बिलखती तस्वीरें देखीं। क्या यह भी बताने की आवश्यकता है कि केवल मत-पंथ-पूजा-विश्वास आदि भिन्न होने के कारण हिंदुओं के प्राणों पर संकट के घनघोर बादल घिर आए हैं?

### कट्टरपंथियों का निशाना

ऐसे में यदि सीएम योगी आदित्यनाथ एवं संघ आसन्न संकटों के प्रति भारत के मूल समाज को सचेत व सावधान कर रहे हैं तो इस पर क्यों आपत्ति होनी चाहिए? स्मरण रहे कि कुफ्र-काफ़िर के दर्शन से प्रेरित-संचालित-प्रभावित कट्टरपंथियों के निशाने पर कभी कोई जाति, दल या विचारधारा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व व वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास रखने वाली सनातन संस्कृति ही रही है। सनातन समाज को जातियों-वर्गों में बांटकर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले दलों एवं बुद्धिजीवियों को पाकिस्तान के पहले कानून मंत्री योगेंद्रनाथ मंडल का नाम व हस्र अवश्य याद रखना चाहिए। उन्हें भी लगता था कि पाकिस्तान जाकर वे दलितों-वंचितों का हित साध सकेंगे, परंतु नतीजा क्या रहा? उन्हें रातों-रात भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी और उनकी बातों में आकर पाकिस्तान गए उनके लाखों अनुयायियों को अंतहीन पीड़ा एवं यातनाओं के दौर से गुजरना पड़ा। इसलिए हमें इतिहास से सबक लेते हुए एक व एकजुट रहने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना होगा।



रोबोट यानी इंसानों की तरह काम करने वाली मशीनों की संख्या, अब विकसित देशों में ही नहीं अपने देश में भी लगातार बढ़ रही है। एग्रीकल्चर, मेडिकल, सिक्योरिटी, स्पेस साइंस, हैवी मैन्युफेक्चरिंग यूनिट्स में ही नहीं टीचिंग और हॉस्पिटेलिटी में भी ये पूरी स्किल्स के साथ काम कर रहे हैं। गवर्नमेंट के सपोर्ट से निश्चित ही आने वाले कुछ वर्षों में भारत रोबोटिक पॉवर के रूप में भी दुनिया के टॉप देशों में शामिल हो जाएगा।

# हर क्षेत्र में हो रहा है रोबोट रिवोल्यूशन

{ कवर स्टोरी / संजय श्रीवास्तव }

कारखानों में काम-काजी रोबोट इस्तेमाल करने वाले देशों में संसार भर में भारत सातवें नंबर पर पहुंच गया है। सरकार की राष्ट्रीय रोबोट रणनीति का इस सफलता में बहुत बड़ा हाथ है। देखना होगा कि रोबोटिक्स के क्षेत्र में 2030 तक का जो लक्ष्य सरकार ने रखा है, वह किस स्तर तक हासिल कर सकेगी? इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय रोबोटिक्स रणनीति का मसौदा जारी किया था। उद्देश्य था, रोबोटिक टेक्नोलॉजी के इनोवेशन को मजबूत कर 2030 तक देश को रोबोटिक्स का हब बनाना। रोबोटिक्स के प्रति सरकार की यह पहल सफल मानी जा सकती है।

## हजारों रोबोट्स कर रहे काम


अंतरराष्ट्रीय रोबोटिक्स महासंघ की रिपोर्ट बताती है कि ऑटोमेशन की तकनीक अपना चुके हमारे कारखानों में 8551 रोबोट काम कर रहे हैं। दुनिया भर के कारखानों में कार्यरत 43 लाख रोबोटों की संख्या और बीते तीन साल से हर साल उनमें 5 लाख से ज्यादा की बढ़ोत्तरी को देखें तो हमारे देश में काम करने वाले रोबोट्स की तादाद मामूली है। देश में चलने वाले कारखानों की संख्या पर गौर करें तो रोबोट कार्यबल की सघनता नगण्य हो जाती है लेकिन उल्लेखनीय है कि कारखानों में रोबोट कार्यबल के मामले में भारत, संसार के देशों में अब सातवें नंबर पर पहुंच गया है। यह स्थान हमने बहुत तेजी से चलकर हासिल किया है। दो साल पहले इस मामले में भारत दुनिया में 10 वें स्थान पर था। पिछले पांच वर्षों में देश में इंडस्ट्रियल रोबोट की संख्या दोगुनी हो गई। 2016 से हमने रफ्तार पकड़ी तो 2023 तक 44,958 इकाइयों की संख्या पा ली। 2023 में 8510 नए रोबोट काम पर लगे तो जाहिर है, इस क्षेत्र में बीते एक साल में 54 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई।



रोबोट मित्रा

## लगातार बढ़ रही है संख्या

देश के उद्योगों में ऑटोमेशन बढ़ने के अनुपात में ही रोबोट वर्कर की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ऑटोमोटिव और मैन्युफेक्चरिंग एरियाज में रोबोटिक्स की मांग ने इनकी संख्या में खासा इजाफा किया है। ऑटोमोटिव क्षेत्र में तो रोबोट इंस्टॉलेशन में रिकॉर्ड 139 फीसद की बढ़त दिखी। कार निर्माता और इंस्ट्रूमेंट्स बनाने वाले यूनिट्स, रोबोट्स का काफी इस्तेमाल कर रहे हैं। देश में उद्योगों के अलावा दूसरे क्षेत्रों, आम जनजीवन में भी रोबोट का इस्तेमाल को बढ़ता देख आज साठ से अधिक स्टार्टअप रोबोट्स बना रहे हैं।



## कई कंपनियां बना रहीं रोबोट्स

कई कंपनियां मानवीकृत रोबोट भी बना रही हैं। अनुष्का, मानव, मित्रा, शालू जैसे इसके उदाहरण हैं। इनमें से कोई सर्जन का काम करता है, कोई टीचर का तो कोई रिस्पेशनिस्ट बनकर गेस्ट्स का स्वागत भी करता है। हमारा इसरो संस्थान, अंतरिक्ष में भेजने के लिए व्योममित्र नामक रोबोट विकसित कर रहा है, तो सेना ने निगरानी और युद्ध अभियानों में सहायता के लिए कुत्तानुमा रोबोटिक विकसित किया है, जिसे खच्चर नाम दिया गया है। सीवर की सफाई में सफाईकर्मी की जान ना जाए, इसके लिए आईआईटी कानपुर ने रोबोट बनाया है, तो एडवर्ब कंपनी ने रक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में काम करने वाले बेहद कारगर रोबोट्स बनाए हैं। स्वदेशी रोबोटिक सर्जन मंत्रा ने सफल रोबोटिक कार्डियक सर्जरी का शतक पूरा किया, तो कुछ कंपनियों ने कैंसर, मूत्र और स्त्री रोग संबंधी ऑपरेशन, कीटाणुशोधन और स्वच्छता, पेशेंट स्क्रीनिंग, डिस्टेंस ट्रीटमेंट, भोजन और दवाओं की आपूर्ति जैसे कामों के लिए कई रोबोट तैयार किए हैं, इस उम्मीद के साथ कि भारत भी रोबोटिक्स के क्षेत्र में जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और सिंगापुर की बराबरी में जल्द खड़ा हो जाएगा।



रोबोट अनुष्का



खच्चर रोबोट्स

## बहुत तेजी से बढ़ेगा रोबोटिक्स कारोबार

प्रयागराज, दिल्ली, हैदराबाद के प्रौद्योगिकी संस्थान एक साथ मिलकर उद्योग, कृषि, शिक्षा, सुरक्षा और घरों के लिए उपयोगी रोबोटिक्स तकनीक निर्मित करने में लगे हैं। पहले प्रशिक्षण फिर अनुसंधान और इसके आगे इन्हें प्रयोग में लाया जाएगा। सरकार ने रोबोटिक्स के लिए नेशनल पॉलिसी के तहत रोबोट बनाने से लेकर रोबोटिक्स अपनाने के लिए वित्तीय सहायता देने का जो ऐलान किया है, उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। रोबोट बाजार पर नजर रखने वाली संस्थाएं कहती हैं कि 2027 तक संसार भर में जितने औद्योगिक रोबोट स्थापित होंगे, उनका सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिण एशियाई देशों में होगा। देश एआई के क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़त और उपलब्धियां हासिल करता जा रहा है, सरकार द्वारा रोबोटिक्स के क्षेत्र में शोध, अनुसंधान, निर्माण और उसके व्यापक प्रयोग के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास, इस क्षेत्र को और सबलता दे रहे हैं। देश में साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स के क्षेत्र में व्यापक प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस रखने वाले वैज्ञानिकों, तकनीकिज्ञों का एक बड़ा समूह मौजूद है, जो देश को एआई और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगा। सरकारी प्रोत्साहन और वैश्विक रुझान के चलते भारतीय रोबोटिक्स क्षेत्र के विकास और प्रसार के लिए बनती संभावनाएं, यह उम्मीद बंधाती हैं कि 2030 तक देश रोबोट हब के रूप में स्थापित हो जाएगा और रोबोट यूज के मामले में हम संसार में पांचवें स्थान के करीब पहुंच जाएंगे। यह ग्लोबल ईकोनॉमी में हमें ऊपरी पायदान पर जाने में मदद करेगा।



## खुलेंगे नए जॉब्स के अवसर

रोबोट्स के बढ़ने से बेशक इंसानों की नौकरियों में कुछ कटौती होंगी पर इनके आने पर कुछ नए काम और नौकरियां जेनरेट भी होंगी। नहीं भूलना चाहिए कि यह क्षेत्र बहुत व्यापक है। ढेरों संभावनाओं से भरा भी। वर्ष 2023 में रोबोटिक्स का वैश्विक बाजार 51 अरब डॉलर था, जो वर्ष 2030 तक 23 फीसद की दर से 215 अरब डॉलर तक पहुंचेगा। अपने देश में भी इसका बाजार बड़ा है। विशेषज्ञ कहते हैं कि वर्ष 2030 तक, भारतीय रोबोटिक्स का सालाना बाजार साढ़े चार अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इसलिए रोबोट्स की वजह से जॉब क्राइसिस को लेकर डरना सही नहीं लगता है।

## सुरक्षा का रखना होगा ध्यान

रोबोट्स के बढ़ते बाजार, विकास और इसकी व्यापकता को देखते हुए सरकार और उद्योग जगत को यह ध्यान में रखना होगा कि एआई और रोबोटिक्स सिस्टम अकसर बड़ी मात्रा में डेटा पर काम करते हैं। इसमें आए दिन सेंध लग रही है। इस डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। डेटा में गड़बड़ी, हेरफेर और सुरक्षित हाथों में पड़ने से भारी विनाश का सामना करना पड़ सकता है। रोबोटिक्स से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों जैसे- एआई, मशीन लर्निंग और कंप्यूटर विजन आदि में रिसर्च के लिए और ज्यादा इंवेस्ट करना होगा। रोबोटिक्स केंद्रों और इनक्यूबेटरों की स्थापना, रोबोटिक्स कंपनियों और स्टार्टअप्स के टैक्स में छूट बढ़ानी होगी। उद्योगों को रोबोटिक्स निर्माण और उसे अपनाने को प्रेरित करने के लिए वित्तीय सहायता बढ़ानी होगी। यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि इसका लाभ महज बड़े उद्यमी, उद्योग या साधन संपन्न लोगों तक सिमटकर ना रह जाए। इसके लाभ हर स्तर के लोगों तक पहुंचें, तभी अपने देश में रोबोट रिवोल्यूशन पूरी तरह सफल साबित होगा। *

# सौ साल बाद कैसा होगा इंसान


मानव विकास के हजारों वर्षों के इतिहास को देखें तो इंसानी शरीर में बहुत परिवर्तन होते रहे हैं। ऐसे में यह बहुत दिलचस्प और कौतूहल जगाने वाला सवाल है कि सौ साल बाद का इंसान कैसा होगा?





{ फ्यूचर जोन / एन. के. अरोड़ा }

वैज्ञानिकों के बीच ऐसे जिज्ञासापूर्ण सवाल हमेशा पूछे जाते रहे हैं और सालों साल भले पूछे जाने वाले ये सवाल ज्यों के त्यों रहते रहे हों, लेकिन इनके जवाबों में बदलाव होते रहे हैं। मसलन, पिछली सदी के पांचवें-छठवें दशक में जब वैज्ञानिकों के बीच यह सवाल उठता था कि आखिर सौ साल बाद का इंसान कैसा होगा? तो ऐसे सवालों के जवाब में आमतौर पर प्राचीन इतिहास के नायकों की तस्वीरें सामने रखी जाती थीं और आज के इंसान की तस्वीरों से उनका मिलान किया जाता था और फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचा जाता था कि दिखने के स्तर पर तो कोई खास बदलाव नहीं होगा। वैज्ञानिक अपने इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए 3500 साल पहले के मिस्र के राजाओं, रानियों, विशेषकर रानी हत्शेपसुत और ऑगस्टस सीजर से लेकर नेपोलियन और क्वीन विक्टोरिया तक की तस्वीरें देखकर इस निष्कर्ष पर पहुंचते थे कि दिखने में हजारों साल पहले के लोग भी आज के जैसे ही थे। दिखने में 3500 साल पहले की रानी हत्शेपसुत और 25 साल की क्वीन विक्टोरिया में कोई फर्क या भिन्नता नहीं दिखती थी। इससे निष्कर्ष यह निकलता था कि 100, 200 या कई सौ सालों बाद भी इंसान के रूप-रंग, दिखावट, बनावट आदि में कोई खास अंतर नहीं होगा। लेकिन यह सही नहीं था। वास्तव में यह गफलत भरा आकलन तस्वीरों में देखने के कारण था, क्योंकि तस्वीरों की अपनी सीमाएं होती हैं, भले वो बहुत कुछ दिखाती हों, लेकिन कुछ छुपाती भी हैं।



**बढ़ रही है औसत आयु:** अलग-अलग दौर के ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के चेहरे-मोहरे, भले आज के जैसे इंसानों की तरह रहे हों, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इतिहास में ज्यादातर महान लोग 50 साल से भी कम जिए हैं, क्योंकि तब औसत आयु ही बहुत कम थी। जबकि आज दुनिया के सबसे गरीब देश में भी औसत आयु 50 साल है। भारत में आजादी के समय जवानी की उम्र 20 साल और 40 साल के बाद बुढ़ापा शुरू हो जाता था। 1950 तक भारत में औसत आयु 39-40 साल थी और विशेष लोग भी 50 साल के बाद बेहद बूढ़े हो जाते थे। पिछली सदी के 50-60 के दशक में अगर 60 साल का होकर कोई मरता था, तो उसे बहुत दिनों तक जिया समझा जाता था, लेकिन आज भारत में पुरुषों की औसत आयु 71 साल और महिलाओं की आयु 75 साल हो चुकी है।


**अनुमान लगाना हुआ संभव:** पहले भले 100 सालों बाद के इंसान को वैज्ञानिक स्पष्ट बदलावों के साथ चिन्हित ना कर पाते रहे, लेकिन आज उनके पास ऐसा कर पाने की सटीक तकनीकी कौशल है। इसलिए वैज्ञानिकों के मुताबिक 100 साल बाद यानी करीब 2125 और उसके बाद के इंसानों की औसतन उम्र बढ़कर करीब 100 साल हो जाएगी। कुछ देशों में यह 120 से 125 साल तक जा सकती है। अनुमान है कि इंसान इस निरंतर विकास की चरम स्थिति पर पहुंच कर कम से कम 150 सालों तक जिएगा। लेकिन अगर फिलहाल इसी बात पर फोकस रखें कि 100 साल बाद आज का इंसान कैसा होगा, तो इसमें कुछ और बदलाव नजर आएंगे।

**ऐसा होगा भविष्य का इंसान:** 100 साल बाद के इंसान का कद आज के इंसान से थोड़ा लंबा हो जाएगा। शरीर ज्यादा वजनदार हो जाएगा। लेकिन व्यक्तित्व में बहुत कम आक्रामकता और स्वभाव में मिलनसारिता ज्यादा बढ़ जाएगी। ज्यादातर पुरुषों की ऊंचाई और बनावट एक जैसी हो जाएगी। इस बात पर मतभेद है कि ये पुरुष हल्के होंगे या भारी वजन के, क्योंकि कुछ वैज्ञानिक कहते हैं कि भविष्य के पुरुष ज्यादा मोटे-ताजे होंगे तो कुछ दूसरों का मानना है कि जरूरत से ज्यादा दुबले-पतले होंगे। एक और जो खास बदलाव अचंभित करेगा, वह यह कि दुनिया के ज्यादातर लोगों की त्वचा का रंग धीरे-धीरे एक जैसा हो जाएगा यानी यह हल्का सांवला या गाढ़ा होगा। तब यूरोप, अमेरिका, उत्तरी ध्रुव और कनाडा से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक ज्यादातर पुरुष एक जैसे दिखेंगे, हल्के सांवले। इसके अलावा सौ साल बाद करीब-करीब सभी बच्चे बिना अक्लदाढ़ के पैदा होने लगेंगे। क्योंकि इंसानी शरीर में उसकी जरूरत नहीं बची है।

**विकास-भौगोलिक स्थितियां:** जहां तक इंसानों के साथ-साथ दुनिया के विकास की बात करें तो वर्तमान दुनिया में विकास के मामले में एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न स्थितियां हैं, 100 साल बाद वैसी स्थितियां ज्यादा नहीं दिखेंगी। करीब-करीब हर जगह का विकास लगभग एक जैसा होगा। मनुष्य का मस्तिष्क आसानी से कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग कर सकेगा। अंतरिक्ष यात्रा आम हो जाएगी, जैसे हम आजकल एक हफ्ते की छुट्टियों पर आस-पास के हिल स्टेशन घूमने जाते हैं, वैसे ही 100 साल बाद लोग ऐसी छुट्टियों पर चांद-तारों का सफर करना पसंद करेंगे यानी अंतरिक्ष यात्रा बहुत आसान हो जाएगी। 100 साल बाद आंख, दांत और शरीर के कई दूसरे अंगों का प्रत्यारोपण इतना आम हो जाएगा, जैसे आज की तारीख में सर्दी-जुकाम का इलाज। कह सकते हैं कि सौ साल बाद के इंसान की शक्ल-सूरत में भले ही थोड़ा बदलाव हो लेकिन उसके लिए जीवन काफी आसान और लंबा हो जाएगा। *

{ कविता / आरती 'आस्था' }

## चुक गईं भावनाएं



देखा है मैंने
पत्थरों पर निशान पड़ते
पानी के

इसलिए बहाई भावनाएं
पानी की तरह
पाषाण ह्रदयों में
निशान तो नहीं पड़ पाए
भावनाएं जरूर चुक गईं मेरी
अनवरत बहते-बहते

उद्गम पानी के असंख्य हैं
जबकि भावनाओं का
महज मेरा ह्रदय...

{ लघुकथाएं }

## लड़के में खोट



उसकी शादी के लिए इक्के-दुक्के प्रस्ताव तो उसकी मेडिकल की पढ़ाई के दौरान भी आते रहते थे, लेकिन पढ़ाई समाप्त करके सरकारी नौकरी ज्वॉइन करते ही उसके सामने वैवाहिक प्रस्तावों की मानों झड़ी-सी लग गई थी। आए दिन कोई ना कोई लड़की वाला पहुंचा ही रहता था। चूंकि पिता के ना रहने के कारण अपनी बहनों की शादी के समय उसे दान-दहेज की समस्या से काफी सामना करना पड़ा था, इसलिए मेडिकल की पढ़ाई के दौरान ही उसने निश्चय कर रखा था कि बिना दहेज लिए अपनी शादी करके एक सामाजिक आदर्श स्थापित करेगा।

एक दिन कानपुर के एक व्यापारी सज्जन अपनी बेटी की शादी का प्रस्ताव लेकर आए थे। उन्होंने जैसे ही लेन-देन की बात प्रारंभ की उसने स्पष्ट कह दिया, 'ऐसा है सेठ जी कि दहेज के नाम पर मुझे एक पैसा भी नहीं लेना है। बगैर दान-दहेज के शादी करनी है मुझे।'

सेठ जी चौंके, 'अरे! आप भी क्या मजाक करते हैं डॉक्टर साहब...। भई, पांच लाख नकद, दो लाख के जेवर और घर-गृहस्थी का सारा सामान तो हम अपनी मर्जी से देने को तैयार हैं। इसके अलावा भी अगर आपकी कोई विशेष फरमाइश हो तो निसंकोच बताइए, हम उसे भी पूरी करने की कोशिश करेंगे।'

'जी नहीं, मेरी कोई फरमाइश नहीं है। मैं लड़की को सिर्फ उसके पहने हुए कपड़ों में विदा कराके ले जाना चाहूंगा। मुझे ना तो आपका पैसा चाहिए, ना जेवर चाहिए और ना ही कोई साजो-सामान।' उसने साफ-साफ कहा।

'अरे वाह! भला यह कैसे हो सकता है? हम कोई इतने गए-गुजरे तो हैं नहीं कि अपनी लड़की को ऐसे ही विदा कर देंगे। अपनी जग-हंसाई थोड़े ना करानी है हमें। अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा का भी तो ध्यान रखना है।' सेठ जी ने तमक कर कहा और लौट गए।

बनारस वाले ठेकेदार ने तो आते ही एक कार और तीन लाख नकद देने की पेशकश कर दी थी। जब उसने अपने दहेज ना लेने के संकल्प के बारे में बताया तो ठेकेदार महोदय ठठाकर हंस पड़े और बोले, 'भई! हमारी तो तीन बेटों के बीच इकलौती बेटी है। हमने बहुत लाड़-प्यार से पाला है उसे। हम तो खूब धूम-धाम से उसकी शादी करेंगे। अगर आपने समाज सुधार का ठेका लिया है तो किसी गरीब, असहाय का उद्धार कीजिए। अच्छा है किसी गरीब का भला हो जाएगा।'

सेठ जी और ठेकेदार महोदय के व्यवहार से वह इतना खिन्न हुआ कि कई लड़की वालों को उसने बात किए बगैर ही लौटा दिया। लेकिन जब प्रतापगढ़ वाले गुप्ता जी पीछे ही पड़ गए तो उनसे बातचीत करनी पड़ी। उसने प्रारंभ में ही कह दिया, 'देखिए श्रीमान जी! मुझे ना तो एक भी पैसा नकद चाहिए और ना ही दान-दहेज का कोई सामान।'

'क्या सच?' गुप्ता जी एकदम से चौंक पड़े। उन्होंने जो कुछ सुना, उस पर सहसा विश्वास नहीं हुआ उन्हें।

'जी हां...बिल्कुल सच। आप सोच लीजिए...यदि आपको मेरी शर्त स्वीकार हो तो आगे बात की जाए और बात भी क्या करनी है, यदि आपकी लड़की शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ है, सामान्य पढ़ी-लिखी, सामान्य शक्ल-सूरत की भी है तो शादी तय होने में कोई अड़चन नहीं होगी।' उसने कहा और चाय-नाश्ते का प्रबंध करने के लिए घर के अंदर चला गया।

एकांत पाकर गुप्ता जी अपने साथ आए व्यक्ति, जो संभवतः उनका भाई था, उससे बोले, 'भाई! मुझे तो दाल में कुछ काला नजर आ रहा है। या तो लड़के में कोई खोट है या फिर इसके परिवार में कोई गड़बड़ी है। वरना आज के युग में सरकारी डॉक्टर लड़का बगैर दान-दहेज के, बगैर कोई नाज- नखरा दिखाए इतनी जल्दी शादी के लिए तैयार हो जाता क्या?'

'आप ठीक कह रहे हैं भाई साहब... मेरे मन में भी खटका हो रहा है। मैं भी यही विचार कर रहा हूं कि कुछ ना कुछ बात तो जरूर है, वरना इतना बड़ा त्यागी, महात्मा भला कौन है आज के जमाने में। हर कोई दान-दहेज चाहता है। हमें पहले लड़के और इसके परिवार के बारे में पूरी जानकारी करने के बाद ही बातचीत आगे बढ़ानी चाहिए।' गुप्ता जी के भाई ने सोच-विचारकर जबाव दिया। वह चाय-नाश्ते पानी का प्रबंध करके घर के भीतर से ड्राइंगरूम में वापस आया तो गुप्ता जी बोले, 'अच्छा डॉक्टर साहब! आपका पक्ष जान लिया हमने... अब घर में राय-मशविरा करने के बाद में फिर आएंगे।' चाय पीने के बाद गुप्ता जी ने कहा और चले गए। *

-अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

## हाईटेक संवेदनाएं

आज मुकेश अपने फेसबुक और व्हाट्सएप की डीपी में अपनी मां के साथ दिख रहा था। यह देखकर मुकेश के एक सहकर्मी को जिज्ञासा हुई, 'क्या बात है? मुकेश को आज अपनी मां बहुत याद आ रही है। वरना वह तो हमेशा अपनी पत्नी के साथ रोमांटिक अंदाज में ही फेसबुक पर अपनी फोटो डालता है। मां तो बेचारी गांव में अकेली रहती हैं। पता नहीं मुकेश बाबू कभी मिलने जाते हैं भी या नहीं?'



'इतने वर्षों के बाद पहली बार डीपी में मुकेश अपनी माता जी के साथ दिखा।' एक अन्य सहकर्मी भी बोला।

तभी चपरासी ने एक प्रार्थना-पत्र कार्यालय प्रभारी को दिया और बोला, 'सर, आज मुकेश बाबू की माता जी का देहांत हो गया है। यह उनका छुट्टी का प्रार्थना पत्र है।'

यह सुनकर वर्मा जी तुरंत बोले, 'तभी तो मुझे आज आश्चर्य हुआ कि मुकेश की डीपी में आज माता जी कैसे आ गईं? ना तो आज मदर्स -डे है, ना तो वृद्ध दिवस।'

यह सुनकर कार्यालय प्रभारी अपने पास ही रखे डस्टबिन में पान की पीक थूकते हुए बोले, 'क्या है वर्मा बाबू, अब संवेदनाएं लोगों के मन में नहीं, फेसबुक, व्हाट्सएप तक सिमट गई हैं। अब किसके पास इतना वक्त है कि किसी के अंतिम क्रिया-कर्म में शामिल हो। उनके घर जाकर संवेदना प्रकट करे। मोबाइल से हम लोगों को सुविधा हो गई है। घर बैठे श्रद्धांजलि अर्पित कर दो, हो गया।'

कुछ ही देर बाद कार्यालय के सभी लोगों ने व्हाट्सएप ग्रुप पर मुकेश को अपनी श्रद्धांजलि भेज दी और सभी अपने-अपने काम में व्यस्त हो गए। *

-डॉ. शैल चंद्रा

# संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में भर्ती होंगे एक हजार से अधिक शिक्षक, सीएम योगी ने की घोषणा

संवाददाता

प्रयागराज। संस्कृत विद्यालयों के अच्छे दिन आने वाले हैं। एक तरफ जहां राजकीय और आवासीय संस्कृत विद्यालय खोले जा रहे हैं, वहीं संचालित विद्यालय प्रोजेक्ट अलंकार योजना से संवारे जा रहे हैं। सभी मेधावियों को छात्रवृत्ति दिए जाने का शुभारंभ कर मुख्यमंत्री रिक्त पदों पर शिक्षक नियुक्त करने की घोषणा पिछले सप्ताह कर चुके है। इस क्रम में निदेशालय जहां रिक्त पदों का ब्योरा जुटा रहा है, वहीं कार्मिक विभाग नियुक्ति के लिए नीति तय करने में जुटा है।



## एक हजार से अधिक पदों पर शुरू होगी नियुक्ति

मानदेय पर नियुक्त शिक्षकों के सापेक्ष 600 से ज्यादा रिक्त पदों का विवरण मिल चुका है। शेष दो दर्जन जनपदों से मानदेय वाले पद तथा अन्य रिक्त पद का विवरण मिलने पर हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रदेश में 570 एडेड संस्कृत माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। प्रत्येक विद्यालयों में एक प्रधानाचार्य एवं चार सहायक अध्यापकों के पद सृजित हैं। इस तरह कुल लगभग 2850 पदों का सृजन है।

2018 से इन विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित नियुक्ति नहीं हुई है। ऐसे में रिक्त पदों के सापेक्ष मानदेय पर दो वर्ष के लिए शिक्षकों की नियुक्ति हुई। पहले 518 तथा उसके बाद 850 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें से कुछ पद विवाद व अन्य कारणों से रिक्त रह गए। इस तरह मानदेय वाले पदों एवं अन्य रिक्त पदों का विवरण संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से जुटाया जा रहा है।

उप शिक्षा निदेशक (संस्कृत) रामाज्ञा कुमार ने रिक्त पदों का विवरण न भेजने वाले मंडलों के संयुक्त शिक्षा निदेशकों से वार्ता कर रिक्त पद जल्द उपलब्ध कराने को कहा है। दीपावली के पहले तक 600 से अधिक रिक्त पदों का विवरण निदेशालय को मिल चुका है। कार्मिक विभाग साक्षात्कार के आधार पर अंक तय करते हुए नियमावली बना रहा है।

यह भर्तियां प्रबंधतंत्र कमेटी के माध्यम से किए जाने की तैयारी है, जिसमें डीएम द्वारा नामित सदस्य, संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, संस्कृत उप निरीक्षक एवं डीआइओएस होंगे। पूर्व की तरह नियुक्ति प्राधिकारी प्रबंधक होंगे। रिक्त पदों और नियमावली के क्रम में शासन के निर्देश के क्रम में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी पर फूटा लोगों का गुस्सा

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस को भेजे गए एक मैसेज में कहा गया कि यदि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ अगले 10 दिनों में अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे तो उनकी ठीक उसी प्रकार हत्या कर दी जाएगी, जैसी एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की गई है। जानकारी के अनुसार, मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल को यह मैसेज एक अज्ञात नंबर से भेजा गया है। मैसेज मिलने के बाद पुलिस के साथ ही कई एजेंसियां एक्टिव हो गईं और एक 24 वर्षीय महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भाजपा राज में मीडिया के मनोबल के एनकाउंटर का हर हथकंडा अपनाया जा रहा : सपा अध्यक्ष

संवाददाता

**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के शासन में पत्रकारों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि भाजपा राज में मीडिया के मनोबल के एनकाउंटर का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। यादव ने सात सेकंड का एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को निर्वस्त्र करके उसकी पिटाई करते नजर आ रहे हैं। यह घटना हमीरपुर की है। सपा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एक पत्रकार की हत्या, पत्रकारों पर दबाव बनाना, पत्रकारों का महीना बांधना, पत्रकारों पर प्राथमिकी कराना, पत्रकारों को निर्वस्त्र करके मारना, पत्रकारों को अवांछित पेयपान कराना। भाजपा राज में मीडिया के मनोबल के एनकाउंटर का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मीडिया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! इस बीच, हमीरपुर पुलिस ने यादव की इस पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर कहा कि एक नवंबर को वीडियो सामने आया है। इस मामले में पिछली 28 अक्टूबर को जरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नामजद आरोपियों में से एक आर.के. सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।



**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

## एक ट्रक से 787 किलोग्राम गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

एजेंसी


नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी के स्वरूप नगर इलाके से दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो ट्रक में 787 किलोग्राम गांजा कथित तौर पर छिपाकर ले जा रहा था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को स्वरूप नगर में नांगली पूना के निकट उत्तर प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाले एक ट्रक को रोका। उन्होंने बताया कि ट्रक को बरेली निवासी मोहम्मद जाबिर नामक व्यक्ति चला रहा था। वलसन ने बताया कि वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को 787 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान जाबिर ने खुलासा किया कि मेरठ के सोनू नामक व्यक्ति के निर्देश पर वह ओडिशा के कालाहांडी जिला गया था और वहां पर राजू नामक व्यक्ति ने उसे गांजा की आपूर्ति कर रवाना किया था। डीसीपी ने कहा, उसे दिल्ली पहुंचने पर स्वरूप नगर इलाके में इंतजार करने को कहा गया था, जहां से उसे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने बताया है कि वह जमानत पर रिहा होने से पहलेस्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत एक मामले में आंध्र प्रदेश की जेल में सात महीने से अधिक समय तक रह चुका है।

# भाजपा का संकल्प पत्र जारी, जनता को कई सौगात देने का वादा

## अमित शाह ने सोरेन सरकार और कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शाह के साथ मौजूद थे। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में झारखंड के गठन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 प्रमुख संकल्पों पर जोर दिया गया है।



### झारखंड के लिए भाजपा की बड़ी घोषणाएं

झारखंड की जनता के लिए घोषणाएं करते हुए गृह मंत्री ने कहा, 'हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए कानून लाएगी। भाजपा, झारखंड की माताओं-बहनों को 'गोगो दीदी योजना' के माध्यम से प्रतिमाह 11 तारीख को 2,100 रुपया देगी। दीपावली और रक्षाबंधन पर एक एक गैस सिलिंडर मुफ्त देंगे और गैस का सिलिंडर 500 रुपये की कीमत पर दिया जाएगा। हम झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखेंगे।'

गृह मंत्री ने कहा, '5 वर्ष के भीतर झारखंड के युवाओं के लिए 5 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। करीब 3 लाख सरकारी पद निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भरे जाएंगे। हम झारखंड में हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को प्रतिमाह 2,000 रुपये का देंगे। आदिवासी सम्मान और अस्मिता को बढ़ावा देने के लिए आदिवासी धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल का विकास करेंगे एवं अनुदान व सहायता देंगे। हम जमशेदपुर में भगवान बिरसा मुंडा का स्मारक बनाएंगे। झारखंड में प्रश्न पत्र लीक होने की सीबीआई, एसआईटी जांच होगी, दोषियों को जेल भेजा जाएगा। झारखंड में उद्योगों, खदानों के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। झारखंड में सत्ता में आने पर भाजपा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी।'

**संक्षिप्त समाचार**

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में महिला की हत्या, लिव-इन पार्टनर पर संदेह

एजेंसी

नई दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में 25 वर्षीय एक महिला की उसके लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उसे शनिवार रात 11 बजे फोन पर घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि महिला को उसके भाई गोलू ने फंदे से लटका हुआ देखा। गोलू उसके साथ ही रहता था। पुलिस के अनुसार शव का शवगृह में निरीक्षण किया गया और उस पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई, लेकिन गले पर छोटे निशान दिखाई दिए।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के हमले में दो पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

रायपुर, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में रविवार सुबह एक साप्ताहिक बाजार में नक्सलियों ने दो पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिसमें वे घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना उस समय की है जब पुलिसकर्मी जगरगुंडा गांव के बाजार में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों की एक एक्शन टीम (जिसमें आमतौर पर चार-पांच कैडर होते हैं) ने अचानक दोनों पुलिसकर्मियों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और फरार गए। उन्होंने बताया कि वहां तैनात अन्य सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और उन्होंने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिर बेहतर इलाज के लिए उन्हें सुकमा ले जाया जाएगा।

## सामाजिक तनाव के चलते दक्षिण कन्नड़ बंजर भूमि बनता जा रहा है : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

एजेंसी

नई दिल्ली, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने दक्षिण कन्नड़ जिले में समाज के विभिन्न समुदायों के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए कहा है कि इसके चलते यह जिला एक बंजर भूमि बनता जा रहा है। शनिवार को मंगलुरु से 40 किलोमीटर दूर पुत्तूर के कुम्बेट्टू में विधायक अशोक राय के राय एस्टेट्स और एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अशोक जन-मन साड़ी वितरण कार्यक्रम में शिवकुमार ने यह बात कही और जोर दिया कि समुदायों के बीच शांति बहाली के लिए रोजगार सृजन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, दक्षिण कन्नड़ जिला एक बंजर भूमि बनता जा रहा है, सामाजिक तनाव और अन्य मुद्दों के कारण शैक्षणिक संस्थान अब बाहरी छात्रों को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। कई स्थानीय बैंक बंद हो गए हैं, जिसके कारण हमारे युवाओं को सऊदी अरब, मुंबई और बेंगलुरु में रोजगार की तलाश करनी पड़ रही है। शिवकुमार ने स्थानीय नेताओं से रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र कई मंदिरों का घर है और सुंदर समुद्री तट के लिए जाना जाता है, जो इसे एक अलग पर्यटन नीति के लिए आदर्श जगह बनाता है। इतना ही नहीं मंगलुरु में सबसे बड़ा बंदरगाह होने के बावजूद यहां अच्छी सुविधाओं वाले पांच सितारा होटल नहीं हैं।



## बस्ती में सड़क हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत, 12 से अधिक घायल

संवाददाता

बस्ती , उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र में टांडा पुल के पास एक सड़क हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौके पर पहुंचे बस्ती के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओ पी सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए आठ एम्बुलेंस लगाई गईं। उन्होंने बताया कि घटना में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। सिंह ने बताया कि चिकित्सक ने सोनहा थाना क्षेत्र के तुरकौलिया उर्फ करमहिया गांव निवासी रामचन्द्र (78) व सोनहा थानाक्षेत्र की करमहिया गांव निवासी नजिमा खातून (30) को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं से भरी बस अम्बेडकर नगर से बस्ती की तरफ आ रही थी, तभी कलवारी थाना में टांडा पुल के पास ओवर टेक के चक्कर में आपस में बस, बोलेरो और टैम्पो में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों गाड़ियां पलट गयी। बस सड़क के किनारे पलटी जबकि बोलेरो और टैम्पो खाई में पलट गए।

## भारत आज खुद को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है: जयशंकर



एजेंसी

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत आज स्वयं को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है। यहां एक पुस्तक विमोचन के मौके पर अपने संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा किहम अधिक से अधिक लोगों के साथ मित्रता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इससे जाहिर तौर पर भारत के प्रति सद्भावना और सकारात्मकता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यह देश द्वारा वैश्विक भलाई में दिए जा रहे बढ़ते योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके करीबी जुड़ाव में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम विश्लेषण में मित्र हमेशा प्रगति पर काम करते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लिए मित्रता विकसित करना कभी आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भावनात्मक पहलू साझा अनुभवों से आता है और ग्लोबल साउथ के संबंध में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जयशंकर ने कहा, मित्रताएं विशिष्ट नहीं होतीं, विशेषकर बहुध्रुवीय विश्व में। उन्होंने कई देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों का भी हवाला दिया।

# राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए किया प्रचार

## वायनॉड की जनता के सामने जमकर की बहन की तारीफ

एजेंसी

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा उपचुनाव के लिए आज वायनाड के मनंतवाडी में अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने मनंतवाडी की जनता को भरोसा दिलाया कि प्रियंका उनके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होगी। राहुल ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि वह मेरी बहन है और अब आप सभी भी भाग्यशाली होंगे। वह आपकी बहन की तरह, आपकी मां की तरह, आपकी बेटी की तरह होंगी। मुझे पूरा भरोसा है कि आपको सबसे बेहतरीन सांसद मिलने जा रहा है।



अपने संबोधन को शुरू करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'यह पहली बार है कि मैं अपनी बहन के लिए प्रचार करने के लिए किसी मीटिंग में आया हूं। मेरे पहले चुनाव के दौरान, मेरी बहन ने मेरे लिए प्रचार किया था और तब से वह ऐसा कर रही है। उसने हमारी मां के लिए प्रचार किया। उसने हमारे पिता के लिए भी प्रचार किया। वह हमेशा से ही प्रचारक रही है और अब तक कभी चुनाव में खड़ी नहीं हुई। यह उसके बारे में बहुत कुछ बताता है।'

जनता को प्रियंका गांधी की खूबिया बताते हुए राहुल ने कहा, 'मेरी बहन एक अलग स्तर पर सोचती है। कई राजनेता एक किसान को देखते हैं और उसे सिर्फ. किसान के रूप में लेबल करते हैं। मेरी बहन ऐसा नहीं कहेगी। उसके लिए, वह एक पिता है, एक भाई है। वह समझने की कोशिश करेगी कि वह व्यक्ति किस दौर से गुजर रहा है। वह किसान से बात करेगी और पूछेगी कि सही कीमतों से वंचित होने पर उसे कैसा महसूस होता है; जब वह अपने बच्चे की स्कूल फीस नहीं भर पाया या जब उसकी मां कउव में थी और वह उसका खर्च नहीं उठा पाया तो उसे कैसा लगा।'

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, 'हर कोई लोगों पर लेबल लगाता है। वह उन लेबलों के पीछे चलने वाली एक व्यक्ति है। वह हर किसी के पास मौजूद लाखों लेबलों की खूबसूरती को समझती है। वह किसी ऐसे व्यक्ति में ताकत भी देख सकती है, जहां दूसरे लोग कमजोरी देखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरी बहन के रूप में वह है और अब आप सभी भी भाग्यशाली होंगे।'

राहुल ने कहा, 'कभी-कभी मैं ज्यादा तार्किक होता हूं, लेकिन वह मुझसे ज्यादा भावुक होती है। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि आपको सबसे बेहतरीन सांसद मिलने जा रहा है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं। आपके सांसद बनने के लिए उनसे बेहतर कोई नहीं हो सकता। जहां भी देखो, गुस्सा, हिंसा और नफरत है, लेकिन इंसानियत कहां है? वह ऐसी इंसान है जिसने हमारे पिता की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया और कहा कि जब वे मिले तो उसे नलिनी के लिए बहुत दुख हुआ।

## राजस्थान में कार के नदी में गिरने से दो युवकों की मौत, एक घायल

एजेंसी

बांसवाड़ा, राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में कार के नदी में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई व एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सदर थाने के उपनिरीक्षक रामलाल ने बताया कि हादसा शनिवार देर रात उदयपुर-बांसवाड़ा राज्य राजमार्ग पर चिड़िया वासा गांव के पास हुआ। उनके मुताबिक, तीन दोस्त बांसवाड़ा से साबला स्थित अपने घर जा रहे थे और रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में गिर गई। मृतकों की पहचान मयूर टेलर (29) और राजेश कलाल (30) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर सदर थानाधिकारी बुधराम बिश्नोई टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वह खुद पानी में उतरे और कार में सवार युवकों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि तीनों युवकों की सांसें चल रही थीं और उन्हें तुरंत एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान मयूर और राजेश की मौत हो गई।

## बोलेरो की टक्कर लगने से कार सवार दो भाइयों की मौत

फतेहपुर, उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शनिवार को एक बोलेरो गाड़ी ने एक कार को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे कार में सवार दो भाइयों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मलवां थाना क्षेत्र के कोराई मोड़ के नजदीक हुई दुर्घटना में अखिलेश (46) और विमलेश उर्फ पप्पू (44) की मौत हो गई

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ अग्रसेन स्टेडियम में आज मनेगा राज्योत्सव

## संगीत संध्या में घनश्याम महानंद एवं स्तुति जायसवाल देंगे मनभावन गीतों की प्रस्तुति

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह 2024 के अवसर पर जिला मुख्यालय के अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में आज मंगलवार को सायं 4 बजे से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त रंगारंग कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए सुप्रसिद्ध लोक पार्श्व गायक घनश्याम महानंद एवं सुश्री स्तुति जायसवाल भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। कला जगत में घनश्याम महानंद को ब्लैक डायमंड के नाम से जानते हैं। वे आडियो विडियो में लगभग 500 गीतों में अपनी आवाज दे चुके है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, हल्बी, गोंडी, उडिया, संबलपुरी तथा भोजपुरी भाषाओं में गीत गाया है। कई राष्ट्रीय स्तर के टी.वी. चौनलों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी है। वर्तमान में सोशल मिडिया प्लेटफार्म, यूट्यूब के माध्यम से लगातार छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोक परम्पराओं से जुड़े गीत संगीत की प्रस्तुति कर रहे है। लोक गीत के अलावा गजल, भजन, सुफी, गायकी में भी अपनी छाप छोड़ चुके है। मैनपाट महोत्सव, राजिम महोत्सव, भोरमदेव महोत्सव, बारसुर महोत्सव, अरपा महोत्सव, चित्रकुट महोत्सव, तातापानी महोत्सव, ज्वाजल्य देव महोत्सव एवं राज्योत्सव जैसे सम्मानित मंचों में अपनी प्रस्तुति दे चुके है। घनश्याम महानंद की विशेषता रही है कि अपने गीतो में उनके द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए सम सामायिक विषय व सामाजिक मुद्दो पर जैसे कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने वाले गीतों को अपने संगीत में स्थान देते है। इसके साथ ही मंच में सुश्री स्तुति जायसवाल के द्वारा भी संगीत संध्या में अपनी मधुर आवाज से गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। सुश्री स्तुति जायसवाल यंग स्टार 2017 की विनर रह चुकी है। उन्होंने लव मी इंडिया 2018 में भाग लिया था, जिसमें वह रनअप थी। इसके साथ ही उनके द्वारा माता मावली मेला, मैनपाट, कुदरगढ़, रामगढ़, तातापानी महोत्सव इत्यादि में भी कला का प्रदर्षन किया है। आयोजन में मुख्यातिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुतला पोर्ते मौजूद रहेंगी। इनके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि व अतिथिगण कार्यक्रम में शामिल होंगे।




## पुलिस चौकी लटोरी को सूचित करें



पुलिस चौकी लटोरी थाना जयनगर के मर्ग क्रमांक 62/2024 धारा 174 जा.फौ. अज्ञात महिला उम्र करीब 40 वर्ष के शव का फोटो है मृतिका का पता चलने पर पुलिस चौकी लटोरी के मोबाईल नम्बर 9826833068, 6261594370 एवं कंट्रोल रूम सूरजपुर के मोबाईल नम्बर 9479193999 पर सूचित करने का कष्ट करें।

# कलेक्टर से मिला टीचर्स एसोसियेशन ने रखी मांग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर एस जयवर्धन से टीचर्स एसोसियेशन का प्रतिनिधिमंडल मिलकर जिला आगमन पर अभिनन्दन करते हुए अपनी लंबित मांगों को अवगत करा समाधान की जरूरत बताई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह, जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिले में पदस्थ होने पर स्वागत करते हुए शाला संचालन समय 10 से 4 बजे करने, परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित आयोजित करने, अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को दस दिवस का विशेष अर्जित अवकाश प्रदान करने, पंचायत अवधि का लंबित पुनरीक्षित एरियर्स एवं अन्य का गणना करने,प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति प्रदान करने की मांग कर जल्द निर्णय लेने का निवेदन किया। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करने की बात कही इस दौरान मिथिलेश पाठक, पीताम्बर सिंह मरावी, जय प्रकाश सिंह, अंकित सिंह उपस्थित रहें।



# जलजीवन मिशन के तहत जिले में करें पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित : जयवर्धन

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने लिया योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सोमवार को यहां जिला कार्यालय में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, सर्व एसडीएम सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले धान उपार्जन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बारदाने की उपलब्धता, भंडारण एवं धान खरीदी समितियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पी डब्लू डी अंतर्गत जिले में किए जा रहे सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की जानकारी ली और सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण रूप में करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जलजीवन मिशन की अंतर्गत जिले में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी सीएमओ, एल डी एम सूरजपुर एवं संबंधित अधिकारियों को पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा योजना को बेहतर रूप में लागू करने के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जनकल्याण के लिए विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने छठ पर्व एवं राज्योत्सव के लिए किए जा रहे आवश्यक तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लाएं प्रगति लाएं

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए आमजनों के राजस्व सहित अन्य समस्याओं एवं विभिन्न प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने बैठक में भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा एवं नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने बैठक में लंबित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए कहा।

# संगठन महापर्व को लेकर अटल कुंज में भाजपा की कार्यशाला कल

## जिला चुनाव अधिकारी पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी होंगी शामिल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भाजपा संगठन के महापर्व को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला 6 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे आयोजित की गई है। कार्यशाला मे भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त जिला चुनाव अधिकारी पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले शामिल होंगी। भाजपा द्वारा सदस्यता महा अभियान एवं सक्रिय सदस्य अभियान के बाद संगठन चुनाव के लिए आगे बढ़ रही है। प्रदेश संगठन द्वारा जिला भाजपा को डेढ लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था जिसमें जिला संगठन लक्ष्य के करीब लगभग एक लाख चालीस हजार प्राथमिक सदस्य बनाए जा चुके हैं। वही पूरे जिले मे तीन हजार सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। जिला स्तरीय कार्यशाला के बाद मंडल चुनाव अधिकारी की घोषणा होगी तत्पश्चात मंडलो मे कार्यशाला का आयोजन होगा जहाँ बूथ अध्यक्षों के निर्वाचन की



प्रक्रिया के लिए पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। बूथ समितियों के निर्वाचन के बाद मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न होगा। भाजपा संगठन द्वारा सभी चुनाव आम सहमति व समन्वय से करने का निर्णय लिया गया है। कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी, शकुन्तला पोर्ते, भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू, किरण खेस्स मौजूद रहेंगी। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी ने बताया कि कार्यशाला मे भाजपा, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला एवं मंडल निर्वाचन टीम,पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक,जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी, सह प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्रीगण, जिला एवं मंडल सदस्यता प्रभारी, सयोजक, सह सयोजक, सक्रिय सदस्य जिला एवं मंडल प्रभारी, सह प्रभारी, नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, त्रि- स्तरीय पंचायत चुनाव जिला एवं विकास खण्ड चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षदगण अपेक्षित हैं।

# स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर रकम की मांग, विद्युत विभाग ने किया सतर्क

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने सभी राज्यों में स्मार्ट डिजिटल मीटर लगाने की योजना बनाई है। वर्तमान में सभी जगहों पर पोस्ट पेड मीटर लगा हुआ है। जिसे बदलकर नया स्मार्ट मीटर लगाने का काम जीनस कंपनी द्वारा बिलासपुर क्षेत्र के कोरबा, मुंगेली, पेण्ड्रारोड़ तथा बिलासपुर शहरी एवं ग्रामीण संभागों में निःशुल्क किया जा रहा है।

इस योजना के तहत क्षेत्र के लगभग 8 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगें। जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग को जानकारी मिली है कि कुछ लोगों द्वारा स्मार्ट मीटर बदलने के एवज में उपभोक्ताओं से रूपयों की मांग की जा रही है, जो कि पूर्णतरू गलत कृत्य है। जीनस कंपनी अथवा विद्युत विभाग द्वारा इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार की राशि निर्धारित नही की गई है, यह कार्य पूर्ण रूप से नि शुल्क किया जाना है।

# प्रदेश में अराजकता व अशांति के लिए कांग्रेस कर रही षडयंत्र : भूलन

## नपा अध्यक्ष के ईशारे पर बाहरी लोगों के हस्तक्षेप से, बढ़ा भ्रष्टाचार : बाबूलाल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मे कांग्रेस द्वारा अराजकता व अशांति फैलाने सहित अन्य मुद्दे को लेकर यहां भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज मे पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है कांग्रेस पदाधिकारी षडयंत्र के तहत समूचे प्रदेश मे अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। बलौदाबाजार या सूरजपुर सहित कई घटनाओं मे कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारियों की संलिप्तता दिख रही है। श्री मरावी ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे जिस तरह निकाय के संपत्ति का बंदरबांट किया जा रहा है वह पूरी तरह अवैधानिक है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेसी सत्ता के बगैर छटपटा रहे हैं। आज पूरे प्रदेश मे जितनी भी घटनाएं घटित हुई उसमें कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों की संलिप्तता मिली है। कांग्रेस के पदाधिकारी विष्णुदेव साय सरकार को बदनाम करने इस तरह का षड्यंत्र कर रहे हैं। श्री प्रकाश मुनि साहेब के साथ अभद्रता मे शामिल युवक भी कांग्रेस का सक्रिय पदाधिकारी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे बड़े पैमाने पर अनियमितता व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निकाय मे बाहरी व्यक्तियो द्वारा नियमों को ताक पर रखकर दुकानों का आबंटन कर दिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा हाईटैक बस स्टैण्ड सूरजपुर में स्वावलंबन योजना के तहत सन 2023 में कुल 54



दुकानों का निर्माण कराया गया था। जिसमें से निर्माण के समय से ही 2 दुकानों को नगरपालिका अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी प्रकिया का पालन किए बिना अपने चहेतों को दे दिया गया था। शेष 52 दुकानों को आबंटित करने हेतु गरीबी रेखा में रहने वाले लोगों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था तथा नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा नियमानुसार अधिकारियों की उपस्थिति में ड्रा पद्धति से शासन के कर्मचारियों के द्वारा आम जनता से एक-एक पर्ची निकालकर ड्रा प्रकिया का पालन करना था परन्तु उपरोक्त आबंटन प्रक्रिया में शासन द्वारा नियुक्त सभी अधिकारी मूक दर्शक बने रहे तथा पूरी प्रक्रिया का संचालन नपा अध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त एक दो बाहरी व्यक्ति द्वारा किया गया जो घोर आपत्तिजनक है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है। इस दौरान जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, अज्जू, रामानुजनगर जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी संस्कार अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, वार्ड पार्षद अजय सिंह, सुरेंद्र देवांगन, किशन देवांगन, संजू सोनी मौजूद रहे।

# बुलंद हौसले और मुकाम हासिल करने के जज्बे से ही मिली है आपको सफलता : प्रशांत

## एसआई पद पर चयनित अभ्यर्थियों को एसएसपी ने दी शुभकामनाएं

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में जारी एसआई परीक्षा परिणाम में चयनित जिले के अभ्यथियों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने चयनित हुए सूरजपुर के अभ्यर्थी राहुल गौतम, ज्योति सिंह पुहुप, कमलेश्वर प्रजापति, अनूक साय एवं साईबर सेल में पदस्थ आरक्षक संतलाल यादव को एसआई पद पर चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अभ्यर्थियों की मेहनत को सराहा और कहा कि आपके बुलंद हौसले और मुकाम हासिल करने के जज्बे से ही आपको सफलता मिली है।



ट्रेनिंग के दौरान आने वाली समस्या एवं निदान के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि सब इंस्पेक्टर से भर्ती होकर आप वरिष्ठ पदों तक जा सकते हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में बेहतर कार्य दक्षता का प्रदर्शन करेंगे तो आपको पुलिस विभाग में अच्छा पहचान मिलेगी।

# छेड़छाड़ व मारपीट, अपराध दर्ज

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** तहसील कार्यालय,पाली में सहायक ग्रेड 03 के पद पर पदस्थ, हाउसिंग बोर्ड कलोनी केराझरिया ब्लॉक ⅓-1 (06) थाना पाली के निवासी देवेन्द्र कुमार तम्बोली के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट व युवती से छेड़छाड़ के मामले में गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उसकी गिरफ्तारी शेष है जिसके लिए पुलिस प्रयासरत है। गिरफ्तारी के अभाव में पीड़ित परिवार भयभीत बताया जा रहा है। पीड़िता की 31अक्टूबर को दी गई लिखित शिकायत पर दर्ज थ्स् के मुताबिक पाली तहसील में पदस्थ देवेन्द्र कुमार तंबोली के द्वारा दिनांक 30/10/2024 रात्रि 10 बजे प्रार्थिया के घर में आकर उससे गाली-गलौज किया गया एवं कमर को गलत (नीयत) तरीके से छुआ गया तथा इसका




विरोध करने पर मां एवं बहन को जान से मारने की एवं मकान खाली कराने की धमकी दी गई। उसके हरकत से हम(प्रार्थिया) भयभीत एवं डरे सहमे हुए हैं। युवती की रिपोर्ट पर देवेन्द्र कुमार तम्बोली के विरुद्ध गैर जमानती धाराओं 296, 333, 351(2), 74 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### बाबू की रिपोर्ट पर युवती के विरुद्ध जुर्म दर्ज

इसी तरह देवेन्द्र कुमार तम्बोली की रिपोर्ट पर युवती के विरुद्ध धारा 296, 351(2)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। देवेन्द्र की रिपोर्ट है कि दिनांक 30.10.2024 को रात्रि 10 बजे करीबन युवती व उसके परिवार के द्वारा हमारी बनाई हुई रंगोली को मिटा देने और मना करने पर गालियां दी एवं से मारने की धमकी दी गई। किसी से जान से मरवा देने, छेड़छाड़ के झूठे केस में फंसा देने की बात कही गई।

सरगुजा फ्रंटलाइन

# घुनघुट्टा नदी में छठ महापर्व के मौके पर वाराणसी के विद्वान करेंगे मंत्रोच्चार

## बैंड धुन में भक्ति गीत, भव्य गंगा आरती होगा आकर्षण का केन्द्र

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज मंगलवार को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगा। शहर के नजदीक सबसे बड़े छठ घाट खर्रा नदी के तट पर घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारी की गई है। गत वर्ष से दोगुना संख्या में व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए घाट और पार्किंग की व्यवस्था है।



घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति के संरक्षक राकेश गुप्ता, अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने बताया कि छठ व्रत में शुद्धता और पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जाता है। घुनघुट्टा नदी का साफ बहता पानी और सपाट पथरीली नदी तल के चलते यह स्थल श्रद्धालुओं की पहली पसंद है। विगत वर्ष 11 सौ व्रतियों के लिए सूप, दउरी रखने के लिए घाट तैयार किया गया था। इस बार 21 सौ व्रतियों के लिए व्यवस्था की गई है। वाहनों के लिए 5 एकड़ में नया पार्किंग स्थल बनाया गया है। अस्ताचल सूर्य देव को अर्घ्य देने के दौरान सावन लाइव बैंड के कलाकार भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। छठ पर्व के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान वाराणसी के विद्वानों के द्वारा मंत्रोच्चार एवं भव्य गंगा आरती का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगा। छठ घाट को लाल-पीले वन्दनवार और बिजली के आकर्षक बल्बों से सजाया गया है। छठ व्रतियों के सुविधा के लिए नदी के दोनों तट पर घाट की नंबरिंग की गई है। छठ व्रतियों के लिए घाट का टोकन निःशुल्क उपलब्ध है। आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति के प्रेम कुशवाहा, उत्तम राजवाड़े, नारद गुप्ता, राकेश सोनी, पंकज गुप्ता, पुनीत कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, आशीष, संजू, नीरज, शुभम, शिवम अभय सक्रिय हैं।

# कला केंद्र मैदान में एक दिवसीय राज्योत्सव समारोह का भव्य आयोजन आज

## आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे समारोह के मुख्य अतिथि

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर शासन के निर्देशानुसार जिले में एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय अंबिकापुर के कला केंद्र मैदान में आज 05 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम होंगे। अति विशिष्ट अतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, नगर पालिका निगम के



महापौर डॉ. अजय तिर्की एवं जिला पंचायत सरगुजा की अध्यक्ष मधु सिंह होंगे। कलेक्टर विलास भोसकर तथा एसपी योगेश पटेल ने सोमवार को समारोह स्थल पर कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच पर बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, साफ-सफाई, स्टॉल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ ही विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। विद्यालय-महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत, नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी। कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों को राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर इसे भव्य बनाने सादर आमंत्रित किया है।

# शासकीय स्कूल के पास लावारिस हाल में मिला मोर्टार बम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग में ग्राम भकुरा आमापारा में लावारिस हाल में मोर्टार बम मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शासकीय स्कूल के पास झाड़ियों में बम को सोमवार को देखा और इसकी सूचना डॉयल 112 को दी थी, जिस पर टीम मौके पर पहुंची। इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने पहले तो एहतियात बतौर आसपास लोगों को जाने से रोका




और बम निरोधक दस्ता को मौके पर बुलाया गया। सरगुजा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशन में बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ जांच में जुटी है। जहां यह बम मिला है, उससे लगभग 4 किलोमीटर दूर सीआरपीएफ का प्रशिक्षण केन्द्र है। फिलहाल बम कहां से आया, इसका स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मोर्टार बम का उपयोग आर्मी, सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा अधिकतर किया जाता है। बम निरोधक दस्ता व पुलिस टीम तहकीकात में लगी है।

# बेटी ने पिता को मुखाग्नि देकर किया अंतिम संस्कार

**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** पिता की चिता में मुखाग्नि सिर्फ बेटा ही दे सकता है बेटियां चिता को आग नहीं लगा सकतीं। इस रूढ़िवादी सामाजिक सोच से ऊपर उठकर शहर के नदीपार इलाके की मनीष रैकवार परिवार की दो बेटियों ने सोमवार को न सिर्फ पिता के शव को कंधा लगाया, बल्कि श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर अपना फर्ज अदा किया। शमशान घाट पर मनीष रैकवार की दोनों बेटियां भी गई थीं। पिता मनीष रैकवार को मुखाग्नि देकर बेटी ने साबित कर दिया कि बेटा और बेटी में फर्क नहीं होता । मनेन्द्रगढ़ शहर के नदीपार स्थित सुरभि पार्क के पास निवासी 50 वर्षीय पत्रकार मनीष रैकवार का लम्बी बीमारी से रविवार दोपहर निधन हो गया था। स्व. मनीष रैकवार पैरालिसिस का शिकार होकर लम्बे समय से बीमारी से जूझ रहे थे । उनके निधन के दौरान घर पर उनकी पत्नी गायत्री रैकवार और बड़ी बेटी मनस्वी रैकवार थी। छोटी बेटी मान्यता रैकवार एग्रीकल्चर की पढ़ाई बेमेतरा में करती है। रविवार दोपहर उसे पिता के निधन की सूचना मिलने पर वह सोमवार को घर पहुंची।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 92 वाहन चालकों से 1.20 लाख समन शुल्क वसूल

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** यातायात नियमों की अवहेलना करने के मामले में पुलिस ने 92 वाहन चालकों से एक लाख 20 हजार 150 रुपये समन शुल्क वसूल किया है। पुलिस ने अत्यधिक तीव्र गति से वाहन चलाने के मामले में 21 वाहन चालकों से 25 हजार रुपये, असंवैधानिक पार्किंग करने वाले 17 वाहन चालकों से 6500 रुपये समन, वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन का उपयोग करने वाले 04 वाहन चालकों से 1200 रुपये, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर 01 वाहन चालक से 2000 रुपये, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने पर 09 चालकों से 4500 रुपये, मॉडिफाइड साइलेंसर के मामले में 07 वाहन चालकों से 35 हजार रुपये, दीगर प्रकरणों में 16 वाहन चालकों से 40 हजार 450 रुपये समन शुल्क वसूल



किया गया है। सरगुजा पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने और नियमों का पालन करने की अपील की है। कार्रवाई में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, सहायक उप निरीक्षक अभय तिवारी, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव एवं यातायात शाखा के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ में हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का खूनी पंजा: विधायक

## चेतावनी-अपने कृत्यों से बाज आए, अन्यथा हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कांग्रेस पर प्रदेश में अशांति और अराजकता फैलाने के लिए षड्यंत्र करने का आरोप लगाया। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रदेश में अशांति और अराजकता फैलाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसके जड़ में कांग्रेस है। उन्होंने कहा कांग्रेस और कांग्रेस के लोग जान-बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंक कर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए पहले खुद अपराध को जन्म देते हैं, षड्यंत्र रचते हैं और सरकार को घेरने में इनके बड़े नेता लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधि कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय साज़िश के तहत हो रहा है। कांग्रेसियों का मंसूबा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो, भय और अपराध का वातावरण निर्मित करो। छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही



खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाए से अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश भर में घटित कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस घटना को राजनीतिक रंग दे रही है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। उन्होंने कहा बलौदाबाजार में योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाए गए, इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें जमानत देने लायक नहीं पाया है। सूरजपुर में पुलिस कर्मी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था, एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में शामिल रहा। लोहारीडीह कांड में भी बार-बार अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस की है। केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ्त में आया है। कांग्रेस के नेता और संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला के आरोप हैं। विधायक ने कांग्रेस को सुधर जाने की नसीहत देते हुए कहा कि इनके कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का मुकाबला करने तैयार है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस के आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन करेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आए, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग में अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। भाजपा ज़िला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में आहूत पत्रकार वार्ता के दौरान पार्षद आलोक दुबे, जिला सह संवाद प्रमुख रुपेश दुबे, संजीव वर्मा, जितेंद्र सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

*इधर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा*

प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को देखकर हम मौजूदा डबल इंजन की भाजपा सरकार को प्रशासनिक रूप से अनुभवहीन और अकुशल मानते थे, लेकिन भाजपा की सरकार और इसके जनप्रतिनिधि राजनीतिक रूप से भी अपरिपक्व हैं, इसकी पुष्टि तब हो गई जब कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए अंबिकापुर विधायक ने छत्तीसगढ़ की खराब कानून व्यवस्था के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। सीबीआई, ईडी, पुलिस प्रशासन सब कुछ डबल इंजन की सरकार के अधीन है। मैं भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुनौती देता हूं कि वो 10 दिन के भीतर साबित करे कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के इशारे पर छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था साजिशन खराब की जा रही है, नहीं तो अंबिकापुर विधायक 10 दिन के बाद अपने आज के बयान के लिए क्षमा प्रार्थना करें, जनता उन्हें उनके इस अपरिपक्व बयान के लिए अवश्य माफ करेगी।

*-राकेश गुप्ता, अध्यक्ष*
*जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा*

# बोलेरो की ठोकर से सड़क पर गिरे युवक को ट्रेलर ने कुचला

## मौके पर युवक की दर्दनाक मौत, दुर्घटनाकारित वाहनों में तोड़फोड़

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर/बिश्रामपुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चठिरमा में पेट्रोल पंप के पास बोलेरो की ठोकर से घायल दोपहिया सवार को ट्रेलर का चालक बुरी तरह से कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने दुर्घटनाकारित बोलेरो और ट्रेलर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है। युवक को जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम रविन्द्रनगर निवासी राकेश राय पिता सुभाष राय 35 वर्ष, दोपहिया में अंबिकापुर से चठिरमा की ओर जा रहा था। चठिरमा में चन्द्रकला पेट्रोल पम्प के पास डीजल भराकर पेट्रोल पम्प से निकल रहे बोलेरो क्रमांक सीजी 15 डीजे 3163 के चालक ने दोपहिया सवार को ठोकर मारा, जिसे चालक सड़क पर फेंका गया। इसी दौरान मार्ग से आ रहे ट्रेलर क्रमांक बीआर 24 जीसी 6989 के चालक ने दोपहिया सवार को बुरी तरह से कुचल दिया, जिससे घायल युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने आक्रोशित होकर दोनों दुर्घटनाकारित वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर गांधीनगर थाना पुलिस पहुंची और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले में अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है।

# कृषि मंत्री ने छठ घाट का निरीक्षण कर स्वच्छता सहित व्रतियों के लिए किए गए प्रबंध का लिया जायजा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बलरामपुर।** छठ पर्व को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लेने छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं बलरामपुर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल बलरामपुर के सिंदूर नदी छठ घाट पहुंचे। उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने छठ पूजा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा यह पर्व हमारे लोक आस्था का प्रतीक है। छठ पूजा में श्रद्धालु नदियों या तालाबों के किनारे सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित करते हैं, इसके लिए स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने घाटों पर सफाई में तेजी लाने पर जोर दिया। इसके अलावा पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ पेयजल और शौचालय की व्यवस्था हो, इसका ध्यान रखने कहा। उन्होंने कहा सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ हों ताकि श्रद्धालु व्यवस्थित तरीके से पूजा कर सकें। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से समिति का सहयोग करने और व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस दौरान छठ पूजा समिति और भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

*छठ पूजा को लेकर*

समिति के सदस्यों ने बताया कि वे पूरी निष्ठा के साथ छठ पूजा के दौरान व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं। मंत्री ने सभी के सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

*उत्साहपूर्ण माहौल*

छठ पूजा की तैयारियों को लेकर घाट पर उत्साहपूर्ण माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन और स्थानीय कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं। सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि छठ महापर्व शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हो सके।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर